# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026










## खबर संक्षेप

### 15 तक जारी होगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड से शैक्षिक सत्र 2025-26 में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा देने



वाले छात्रों की अपने रिजल्ट के लिए बेचैनी हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। छात्र टकटकी लगाए रिजल्ट से जुड़ी खबरों पर नजर रख रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश इन छात्रों का इंतजार खत्म करने के लिए काफी तेजी से प्रयास कर रहा है। बोर्ड 10वीं एवं 12वीं दोनों ही कक्षाओं का रिजल्ट 15 अप्रैल 2026 के आस-पास जारी करने की कोशिशों में लगा हुआ है।

### फसल काटते समय धड़ थ्रेशर में कुचला, मौत


**मुरैना।** मुरैना में गुरुवार रात फसल काटते समय एक युवक थ्रेशर मशीन की चपेट में आ गया।



उसका धड़ उसमें कुचल गया। सिर्फ कमर के नीचे का हिस्सा बचा है। वह पत्नी के साथ यहां काम करने आया था। घटना चिन्नौनी थाना क्षेत्र के मोहन पुरा गांव की है। खेत मालिक कल्ला सिकरवार के खेत पर फसल काटने का काम चल रहा था। यहां श्योपुर से आए मजदूरों की टोली काम कर रही थी।

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की रात 9:42 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए



गए हैं। जिसके बाद लोग अपने घरों और बिल्डिंगों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में महसूस किए गए, लेकिन तीव्रता इतनी थी कि लोग घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। भूकंप अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई। जम्मू-कश्मीर समेत कई इलाकों में धरती हिली।

## उज्जैन में 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम' इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का किया शुभारंभ

# धार्मिक नगर उज्जैन में 15 करोड़ लागत के विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

**सीएम डॉ. यादव ने कहा- उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में भी स्थापित किया जा रहा**

*केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के स्थान पर महाकाल स्टैंडर्ड टाइम (एमएसटी) की तार्किक स्थापना करें*




सीएम डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को 15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। वास्तव में यह अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस नीति की भावना के अनुरूप युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की माटी में विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन सदियों से विद्यमान है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई। प्राचीन ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का यह सशक्त प्रयास
- ▶▶ इस मौके पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से मौजूद थे



विज्ञान केंद्र का लोकार्पण

**»** ***महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम से स्टैंडर्ड टाइम तक ले जाना इस विमर्श का उद्देश्य: केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान***

**»** ***नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का हुआ लोकार्पण, 'द हेरिटेज इकाई की विस्तार परियोजना का हुआ भूमिपूजन***

### उज्जैन और डोंगला के आधार पर खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत

डॉ. यादव ने अपने ग्रीनविच भ्रमण के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन और डोंगला के आधार पर होने वाली खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत है। डोंगला को एस्ट्रोनोमिकल स्टडीज के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। भूमध्य रेखा और कर्क रेखा का कटाव या केंद्र बिंदु पहले उज्जैन में था, जो अब उज्जैन से 32 किमी दूर डोंगला में शिफ्ट हो गया है। यहां 21 जून को सूर्य की छाया शून्य हो जाती है। ग्रीनविच के मीन टाइम में रात को 10 बजे तक सूर्य के दर्शन होते हैं। यह केंद्र बिंदु कैसे हो ▶▶ शेष पेज 4 पर



***हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकलना होगा***

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जोर दिया कि हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकालकर सृजनशीलता, डिजाइन थिंकिंग और क्रिटिकल थिंकिंग की ओर ले जाना होगा। आज का युग एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग का है, भारत के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर इस दौड़ में पीछे न रहें, इसके लिए स्कूली स्तर पर ही एआई जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

## दतिया विधानसभा सीट शून्य घोषित

### विधानसभा सचिवालय ने रिक्त घोषित की, नोटिफिकेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र 22-दतिया से निर्वाचित सदस्य राजेंद्र भारती का निर्वाचन शून्य घोषित करने की अधिसूचना जारी हो गई। सुप्रीम कोर्ट से तीन वर्ष की सजा व एक लाख रुपए के जुर्माने की सुनाए जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने देर रात यह निर्णय लिया है। हालांकि,

**ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए दो महीने का समय**



कोर्ट ने ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए उन्हें दो महीने का समय दिया है। अब यदि ऊपरी अदालत से उनके फैसले पर स्थगन मिलता है तो विधानसभा नियमों के तहत उनकी सदस्यता फिर से बहाल कर सकती है। नई दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने एक दिन पहले ही विधायक भारती के खिलाफ निर्णय पारित किया है। जारी नोटिफिकेशन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में संविधान के अनुच्छेद 191 (1) (ई) सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत राजेंद्र भारती उक्त तिथि अर्थात 2 अप्रैल, 2026 से विधान सभा की सदस्यता से निरर्हित हो ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## हमलावर कार से गांव पहुंचे थे

### मुरैना में 11 साल की बच्ची के पर फेंका तेजाब, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले के खाड़ोली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 11 साल की बच्ची पर बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश**



भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार हमलावर कार से गांव पहुंचे और बच्ची पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए हैं। हमले में बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजन ने बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बर्न वार्ड में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## एक दिन बाद थाने पहुंचकर बताई आपबीती

# राजगढ़ में महिला से तीन बार हुई दुष्कर्म की घटना

**आरोपी ने धमकाया मुह बंद रखना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार एक 35 वर्षीय महिला जीरापुर थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

महिला ने बताया कि नर्मदेश्वर कॉलोनी निवासी मुकेश पिता रामप्रताप दांगी उसे भंडावद रोड स्थित जंगल की ओर ले गया। आरोप है कि 31 मार्च की रात करीब 10 बजे से 1 अप्रैल की रात करीब 2 बजे के बीच आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती तीन बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार घटना के दौरान आरोपी लगातार उसे धमकाता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की बात कहता रहा। डर और सदमे के कारण वह तुरंत किसी को कुछ नहीं बता सकी, लेकिन एक दिन बाद गुरुवार को महिला हिम्मत जुटाकर थाने पहुंची और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। महिला की शिकायत पर जीरापुर पुलिस ने आरोपी मुकेश दांगी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन

# आज दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा हल्ला-बोल, 20 लाख शिक्षक प्रभावित

**»** ***सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को दिए अपने फैसले में टीईटी को अनिवार्य कर दिया था***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ देशभर में शिक्षकों का विरोध तेज हो गया है। अब शिक्षकों का आंदोलन दिल्ली पहुंचने वाला है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के नेतृत्व में 4 अप्रैल को बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटकर अपना ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### सुप्रीम कोर्ट का क्या था फैसला?

सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षा को अनिवार्य कर दिया था। अगर कोई शिक्षक 1 सितंबर 2027 तक यह परीक्षा पास नहीं करता, तो उसे हर साल मिलने वाली वेतन वृद्धि से वंचित कर दिया जाएगा।






## एलपीजी सिलेंडर को लेकर अफवाह फैलाने पर केंद्र की सख्ती

# केंद्र की तरह सभी राज्य सरकारों को रोजाना ब्रीफिंग की सलाह, जमाखोरों पर लिया जाए सख्त 'एक्शन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ 17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, जो स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। पेट्रोलियम ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ *अभी सिर्फ 17 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे*
- ▶▶ *प्रिंट, सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए सही और समय पर जानकारी दी जाए*



फाइल फोटो

### कालाबाजारी पर सख्ती करें

*मंत्रालय ने सलाह दी है कि वरिष्ठ स्तर पर रोजाना प्रेस ब्रीफिंग की जाए और प्रिंट, सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए सही और समय पर जानकारी दी जाए, ताकि लोगों को एलपीजी की* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन को प्राथमिकता

देश के तमाम राज्यों को एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। 23 मार्च से अब तक 5 किलो एफटीएल सिलेंडर की बिक्री 5 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है, जबकि गुरुवार को ही 67 हजार से अधिक सिलेंडर बेचे गए। पीएनजी विस्तार अभियान ▶▶ शेष पेज 4 पर



# गुड फ्राइडेः छलकती आंखों से याद किए प्रभु यीशु, चर्चों में प्रभु यीशु से की देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को अनुयाइयों ने छलकी आंखों से प्रभु यीशु को याद किया। ईसाई समाज ने शुक्रवार को त्याग और बलिदान का प्रतीक पर्व गुड फ्राइडे श्रद्धा से मनाया। इस अवसर प्रभु यीशु से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीहा अपने भक्तों के लिए सूली पर चढ़े थे। मसीह ने विरोध और यातनाएं सहते हुए अपने प्राण त्याग दिए थे। उन्ही की आराधना और वचनों को याद करने के लिए गुड फ्राइडे मनाया जाता है।





### आज 'पास्का जागरण' और विशेष प्रार्थनाएं

*समाज के पीआरओ फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने कहा, आज का दिन शोक का नहीं, बल्कि उस अगाध प्रेम को याद करने का है जो प्रभु ने मानवता के लिए दिखाया। उन्होंने ने कहा कि शनिवार रात 10 बजे से गिरजाघरों में 'पास्का जागरण' और विशेष प्रार्थनाएं शुरू होंगी, जो प्रभु के पुनरुत्थान का स्वागत करेंगी।*



### जीवन में न्याय, पारस्परिक प्रेम और अटूट एकता की भावना को अपनाएंःआर्चबिशप

*अरेरा कॉलोनी स्थित असम्पशन चर्च में आयोजित मुख्य प्रार्थना सभा का नेतृत्व आर्चबिशप डॉ. दुरईराज ने किया। उन्होंने क्रूस मार्ग और विशेष उपासना का संचालन करते हुए जनसमूह को प्रभु यीशु के अंतिम शब्दों और उनके बलिदान के मर्म को समझाया। उन्होंने ने कहा-गुड फ्राइडे का यह पवित्र दिन हमें उस महान प्रेम की याद दिलाता है जो क्षमा और आत्म-त्याग से उपजा है। प्रभु यीशु ने क्रूस पर कष्ट सहते हुए भी अपने सताने वालों को क्षमा किया, जो हमें यह सिखाता है कि घृणा का उत्तर केवल प्रेम से दिया जा सकता है। आज के समय में, जब दुनिया को शांति और समझ की सख्त जरूरत है, आइए हम अपने जीवन में न्याय, पारस्परिक प्रेम और अटूट एकता की भावना को अपनाएं।*

## पीएचडी शोधार्थी फाल्गुनी ने जीता पोस्टर पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज भोपाल। एम्स भोपाल की पीएचडी शोधार्थी फाल्गुनी अग्रवाल को आईएबीएसकॉन 2026 में स्टूडेंट कैटेगरी में बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड प्राप्त हुआ। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गोवा में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकतार्ओं एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। फाल्गुनी अग्रवाल ने नॉनट्यूबरकुलस माइकोबैक्टीरिया पर अपना शोध प्रस्तुत किया, जिसे वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्यापक सराहना मिली। इस उपलब्धि पर कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने फाल्गुनी अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डॉ. आनंद मौर्य के मार्गदर्शन में कार्यरत फाल्गुनी अग्रवाल ने गोवा में आयोजित इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज के वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नॉनट्यूबरकुलस माइकोबैक्टीरिया पर अपना शोध प्रस्तुत किया। उनके शोध कार्य को वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्यापक सराहना मिली, जिसके लिए उन्हें स्टूडेंट कैटेगरी में बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें नकद पुरस्कार और संक्रामक रोगों से संबंधित एक प्रतिष्ठित जर्नल की सदस्यता भी प्रदान की गई।

### 1 अप्रैल से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 हो गया लागू

# आवासीय सोसाइटी, औद्योगिक, वित्तीय यूजर को प्रति टन अदा करना होगा शुल्क

- *गीले कचरे को अपने परिसर में ही खाद या बायोगैस में बदलना होगा, नगर निगम ने व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करना शुरू कर दिया है*
- *शहर में 500 से ज्यादा मैरिज गार्डन, 1566 से ज्यादा कॉलोनियां और 3000 से ज्यादा व्यवसायिक केंद्र व उद्योग हैं*
- *शहर की आदमपुर लैंडफिल साइट पर कचरे का बोझ होगा कम, 800 टन तक कचरा रोज शहर से निकलता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक अप्रैल से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 लागू हो गया है। इसे लेकर नगर निगम ने व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। नए नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए रेसीडेंशियल सोसायटी, इंडस्ट्रियल और कमर्शियल यूजर को प्रति टन शुल्क तय किया गया है। इसके लिए रेसीडेंशियल सोसायटी-2100 रुपए, इंडस्ट्रियल यूजर यानी औद्योगिक गतिविधियों का संचालन करने पर 2400 रुपए और कमर्शियल यूजर यानी व्यवसायिक बड़े संस्थानों के संचालन पर 2700 रुपए शुल्क जमा करने होंगे।

होटल, सोसायटी, संस्थान को कचरा प्रसंस्करण स्वयं करना होगा या अधिकृत एजेंसी का प्रमाण-पत्र दिखाना होगा। नियमों का पालन न करने पर नगर निगम द्वारा कचरा उठाना बंद कर दिया जाएगा और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। शहर से रोज करीब 850 टन कचरा आदमपुर पहुंचता है। इसमें करीब 440 टन गीला और 350 टन सूखा कचरा शामिल है। 52 टन प्लास्टिक कचरा भी निकलता है। नए नियमों के लागू होने से आदमपुर में कचरे का भार कम हो जाएगा। इसे लेकर निगम प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। निगम के 21 जोन और 85 वार्डों में बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए रेसीडेंशियल सोसायटी, इंडस्ट्रियल और कमर्शियल यूजर के सत्यापन के लिए सर्वे किया जाएगा। एक निर्धारित समय-सीमा में कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था करना होगी। समय-सीमा निकलने के बाद जुर्माना किया जाएगा।




### मैरिज गार्डन संचालकों और कॉलोनियों को स्वयं करना होगी व्यवस्था

शहर में 500 से ज्यादा मैरिज गार्डन संचालकों को कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था खुद करना होगी। यहां से विवाह समारोह के आयोजन के बाद बडी मात्रा में कचरा निकलता है। इसी तरह शहर की 1566 से ज्यादा कॉलोनियां हैं। जिन कॉलोनियों में अधिक मात्रा में कचरा निकलता है उन्हें भी व्यवस्था खुद करना हैं यही नियम 3000 से ज्यादा व्यवसायिक केंद्र व उद्योगों पर लागू होंगे।

#### निगम का तर्क- वर्क प्लान तैयार है

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 लागू हो चुका है। इसे लेकर तैयार वर्क प्लॉन के तहत काम शुरू हो गया है। आदमपुर में चारकोल प्लांट सहित एक अन्य यूनिट लग चुकी है। रेसीडेंशियल सोसायटी, इंडस्ट्रियल और कमर्शियल यूजर के लिए शुल्क तय किया गया है। नियमों के अनुसार ही धरातल पर काम होगा।

### अभाविप ने आयोजित किया शिक्षा संवाद का विशेष कार्यक्रम

# शिक्षा व्यवस्था को अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा से जोड़ना आवश्यकः प्रो. आशुतोष कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा से जोड़ना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को बहुआयामी अवसर प्रदान करती है और उन्हें केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखती। यह बात ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने कही।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भोपाल महानगर द्वारा "शिक्षा में उभरते नए आयाम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति" विषय पर एक महत्वपूर्ण शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी नगर स्थित संस्कृत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, महानगर अध्यक्ष डॉ. महेंद्र मेहरा एवं महानगर मंत्री आरती ठाकुर उपस्थित रहे।




### भारत की पहचान उसकी समृद्ध ज्ञान परंपरा से है : आशीष चौहान

*अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि "भारत की पहचान उसकी समृद्ध ज्ञान परंपरा से है। हमारा देश गुरुकुल परंपरा पर आधारित रहा है, जहां शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए प्राप्त की जाती थी। चौहान ने कहा कि हमें मैकाले की शिक्षा पद्धति से आगे बढ़ते हुए भारतीयता आधारित शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करना होगा। शिक्षा को भारतीय भाषाओं में बढ़ावा देना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। आवश्यकता है कि हम अपने देश में ही ऐसे अवसर और वातावरण तैयार करें, जिससे युवा भारत में रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।*

### ट्रेनों की लंबी वेटिंग लिस्ट को देखकर रेलवे इस बार बड़े स्तर पर कर रहा तैयारी

# भोपाल से गुजरने वाली एक दर्जन ट्रेनों में लगेंगे अस्थाई अतिरिक्त कोच, स्पेशल ट्रेनों के बढ़ाए फेरे, मिलेगा लाभ

- *गर्मियों में सफर करना होगा आसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी की छुट्टियों को लेकर अप्रैल से ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लंबी होने लगी है। इसके मद्देनजर रेलवे ने अधिक भीड़भाड़ वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की तैयारी की है, तो वहीं स्पेशल ट्रेनों के फेरे मई से जुलाई तक बढ़ाए जा रहे है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे की ओर से इस समर सीजन को ध्यान में रखते हुए,बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस पहल से यात्रियों को सफर के दौरान आसानी होगी।

#### पांच राज्यों को जोड़ने वाली अहम रेल सेवा

यह स्पेशल ट्रेन देश के पांच बड़े राज्यों को आपस में जोड़ती है, जिनमें पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं।

#### बीकानेर-साईं नगर शिर्डी स्पेशलः स्लीपर और थर्ड एसी कोच बढ़ेगा

*गाड़ी संख्या 04715/04716 बीकानेर-साईं नगर शिर्डी स्पेशल में एक स्लीपर और एक थर्ड एसी कोच जोड़ा जाएगा। यह सुविधा गाड़ी संख्या 04715 में चार से 25 अप्रैल तक तथा गाड़ी संख्या 04716 में पांच से 26 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी।*

#### हिसार-तिरुपति स्पेशल में लगेगा अतिरिक्त कोच

*गाड़ी संख्या 04717/04718 हिसार-तिरुपति स्पेशल में एक थर्ड एसी कोच बढ़ाया जाएगा। यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 04717 में चार से 25 अप्रैल तक तथा गाड़ी संख्या 04718 में छह से 27 अप्रैल तक जोड़ा जाएगा।*

#### 24 मई से राजकोट-रीवा एक्सप्रेस में बढ़ेगा थर्ड एसी कोच

*राजकोट-रीवा-राजकोट एक्सप्रेस ट्रेन में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस में 24 मई से एक थर्ड एसी कोच जोड़ा जाएगा। वहीं, गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट एक्सप्रेस में 25 मई से यह सुविधा प्रभावी होगी। अतिरिक्त कोच जुड़ने के बाद दोनों ट्रेनों में कुल 22 कोच होंगे।*

#### संतरागाछी-अजमेर स्पेशल ट्रेन की 13 ट्रिप बढ़े

*08611/ 08612 संतरागाछी- अजमेर- संतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की अवधि जुलाई तक बढ़ा दी है। इस ट्रेन का बीना स्टेशन पर स्टापेज रहेगा।*

### विधायक-सांसदों को भी सौंपेगे ज्ञापन

# परीक्षा के विरोध में शिक्षक 8 अप्रैल से करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता लेकर स्कूल शिक्षा द्वारा जारी किए गए आदेश का शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों ने बैइक आयोजित कर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन कियरा है। इसके साथ ही 8 अप्रैल को लोक शिक्षण संचालनालय मुख्यालय पर प्रदर्शन और 11 अप्रैल को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्य उपेंद्र कौशल ने बताया कि भोपाल में विभिन्न शिक्षक संगठनों के जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संयुक्त मोर्चा शाखा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल को राजधानी में जिलास्तरीय प्रदर्शन कर लोक शिक्षण संचालनालय मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर आंदोलन करते हुए सभी स्थानीय विधायक, मंत्री और सांसदों को ज्ञापन दिए जाएंगे। इस दौरान टीईटी आदेश को निरस्त करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की मांग प्रमुख रहेगी।

## बड़वई क्षेत्र में करंट लगे कबूतर से नरवाई में भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़वई क्षेत्र में करंट लगकर खेत में गिरे कबूतर के कारण नरवाई में आग लग गई। खेतों के पास पहले से कटी हुई नरवाई में यह कबूतर गिरा, जिससे आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि हाल ही में खेत में गेहूं की कटाई हुई थी, जिससे सूखी नरवाई मौजूद थी। जैसे ही आग फैली आसपास के खेतों में खड़ी फसल को खतरा पैदा हो गया। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने तुरंत फायर अमले को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो करीब 50 एकड़ क्षेत्र की फसल चपेट में आ सकती थी।

### उपलब्धियों से भरा रहा मंडल सत्र 2025-26

# जल्द शुरू हो सकता है चर्चा में रहा ऐशबाग का 90 डिग्री ब्रिज, डिजाइन में किया जा रहा फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में चर्चा का विषय रहा भोपाल के ऐशबाग का 90 डिग्री ब्रिज जल्द शुरू हो सकता है। लेकिन इससे पहले इसमें सभी प्रकार की कमियों को सुधारा जाएगा और यदि जरूरत पड़ी को डिजाइन में भी कुछ फेरबदल किया जा सकता है। दरअसल रेलवे के गति शक्ति विभाग ने इस रेलवे ओवर ब्रिज के लिए एक नया कंसल्टेंट को हायर किया है। जो दो माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। रिपोर्ट के बाद रेलवे अपना काम करेगा और इसी के साथ पीडब्ल्यूडी अपना काम




#### भोपाल स्टेशन पर सुधरेगी कैब ऑटो व्यवस्था

पत्रकारवार्ता के दौरान डीआरएम त्यागी ने बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में ऑटो व कैब स्टैंड संचालित हो रहा है। कई बार यात्रियों की ओर से शिकायत मिलती है कि ऑटो चालक और कैब चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं, स्टेशन एरिया के अंदर आकर यात्रियों से बदसलूकी करते हैं। हम इस पूरी व्यवस्था को सुधारने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही इसमें परिवर्तन किया जाएगा।

#### समर स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

*डीआरएम ने जानकारी दी कि इस समर सीजन में भोपाल स्टेशन से तीन दो विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यात्री मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। ट्रेनों का नाम और उनके गंतव्य स्टेशनों के बारे में जल्द जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। भोपाल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में आय, यात्री संख्या और माल परिवहन में बढ़ोतरी दर्ज की है। डीआरएम पंकज त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। डीआरएम पंकज त्यागी के अनुसार, माल परिवहन से 896.38 करोड़ की आय हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 14 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष में 414.80 लाख यात्रियों ने यात्रा की। यात्री राजस्व 1013.78 करोड़ रहा, जबकि टिकट चेकिंग से 39.18 करोड़ की कमाई हुई। भोपाल-धनबाद और भोपाल-चोपन एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गईं।*



भोपाल
शनिवार, 4 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -02
वर्ष : 13, अंक : 02
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 'वंडर ब्वॉय' वैभव के सामने गुजरात...


विचार पेज
06 पाषाण की धमकी और...

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनआईए को सौंपी गई जांच

# मालदा हिंसा: एनआईए जांच शुरु, भागने की फिराक में मास्टरमाइंड को एयरपोर्ट से दबोचा, 33 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों पर हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही, शुक्रवार दोपहर तक बंगाल पुलिस की ओर से इस मामले में की गई कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अधिकारियों पर हुए हमले की जांच एनआईए को सौंपी है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक जांच दर्ज की है। इधर, गिरफ्तारियों की संख्या की पुष्टि करते हुए उत्तरी बंगाल के एडीजी के. जयरामन ने बताया कि पुलिस ने कुल 19 मामले दर्ज किए हैं। ये मामले अधिकारियों के साथ बदसलूकी और कालियाचक के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से सड़क जाम करने से जुड़े हैं। सड़क जाम करने का यह सिलसिला बुधवार को शुरू हुआ था और गुरुवार तक जारी रहा।

**मुख्य आरोपी और एआईएमआईएम नेता मोफक्करुल इस्लाम को भी पुलिस ने पकड़ा कुल 19 लोगों पर मामले दर्ज**


बीच में मुख्य आरोपी

### एआईएमआईएम का नेता है आरोपी

उन्होंने बताया कि 33 गिरफ्तारियों में से मुख्य आरोपी और इस पूरी घटना का मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम है। वह पेशे से वकील है और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) का नेता है। उसे शुक्रवार सुबह दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा हवाई अड्डे पर तब गिरफ्तार किया गया, जब वह राज्य से भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, वह मुख्य व्यक्ति था जो बुधवार को कालियाचक में भीड़ को उकसा रहा था। उसे उसके करीबी साथी अकरमुल बागानी के साथ बागडोगरा हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया। उनकी योजना बेंगलुरु भागने की थी।

### न्यायिक अधिकारियों को क्यों बनाया गया बंधक?

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची में 63 लाख से अधिक नाम हटाए गए, जबकि 60 लाख अन्य मतदाताओं को विचाराधीन रखा गया। न्यायिक अधिकारियों को इन मामलों की समीक्षा करने का कार्य सौंपा गया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार ये न्यायिक अधिकारी इन मामलों की जांच कर मतदाताओं को मतदाता सूची में बरकरार रखने या हटाने का फैसला कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक का अनुरोध किया, जिसे अस्वीकार करने पर उन्होंने बीडीओ कार्यालय का घेराव कर तीन महिलाओं समेत सात अधिकारियों को बंधक बना लिया।


## खबर संक्षेप

### मानहानि केस: राहुल हाईकोर्ट की शरण में



**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। याचिका में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन व परिवाद को निरस्त कराने की मांग की गई है।

### गहरी खाई में कार गिरने से 2 की मौत



**बड़वानी।** पाटी थाना क्षेत्र के गोलगांव स्थित बिलियापानी घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें वाहन चालक इकराम और सकरीया नामक युवक की मौत हो गई। कार सवार चारों युवक एक मरीज को अस्पताल छोड़कर वापस सेमलेट लौट रहे थे। आशंका है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।

### मंत्री के नाम के आगे 'माननीय' क्यों नहीं?



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में केंद्रीय मंत्री के नाम से पहले 'माननीय' या 'श्रीमान' न लिखने के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने राज्य के गृह सचिव से पूछा कि नाम के आगे सम्मानसूचक शब्द क्यों नहीं लिखा गया। शिकायत करने वाले ने यह शब्द नहीं भी लिखा हो, तब भी पुलिस की जिम्मेदारी थी।

दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट, जिसकी कीमत करीब 840 करोड़

# अमेरिका का एक और अत्याधुनिक लड़ाकू विमान एफ-15 मार गिराया

***अमेरिका को बड़ा झटका, ईरान को युद्ध में बड़ी कामयाबी***



*एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने अमेरिका का एक लड़ाकू विमान कथित तौर पर मार गिराया है। विमान को टारगेट किए जाने के बाद पायलट ने छलांग लगा दी। ऐसे में जेट के दो क्रू सदस्यों का पता लगाने के लिए ईरान में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहली बार है, जब अमेरिका का कोई विमान ईरान ने सफलता के साथ मारकर नीचे गिराया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया है ईरानी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को गिराए गए विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। इससे पहले 2 मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल विमान पर फ्रेंडली फायर यानी अपनी ही सेना की गोलीबारी में गिर गए थे। ईरानी सेना ने पायलट का पता देने पर इनाम का ऐलान किया है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

**पायलट को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन ईनाम का ऐलान**



***ईरानी सरकारी मीडिया ने विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए***

***अमेरिका ने भी की इसकी पुष्टि***

### इस जहाज का गिरना अमेरिका की साख पर बड़ी चोट

एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है यानी इसे कभी भी दुश्मन के हवाई जहाज ने नहीं गिराया गया है। ऐस में ईरान में इस जहाज का गिरना इसकी साख पर बड़ी चोट है। अमेरिका का एफ-15 मैक 2.5 (2,800 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से उड़ सकता है और 13,000 किलोग्राम से अधिक हथियार अपने साथ ले जा सकता है। इसे अमेरिका की मेकडोनल डगलस कंपनी ने बनाया है। अमेरीकी एयरफोर्स काफी समय से इस विमान का इस्तेमाल करती रही है। दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट है। जिसकी कीमत 100 मिलियन (करीब 840 करोड़ रुपए) है।

ट्रंप ने अपनी ही सेना पर कर दी 'सर्जिकल स्ट्राइक'

### आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल को हटाया


अब काश पटेल-तुलसी गबार्ड की भी बारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ही रात में अपनी सेना और सरकार के बड़े अधिकारियों को हटाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ट्रंप प्रशासन ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटाकर उन्हें तुरंत रिटायर होने का आदेश दे दिया है। अब ट्रंप सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। व्हाइट ▶▶ शेष पेज 4 पर

जंग के बीच ट्रंप का भारतीय फार्मा पर टैरिफ बम

# पेटेंट दवाओं पर 100% टैक्स भारतीय जेनेरिक को 'राहत'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध के बीच टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100% टैरिफ (सीमा शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला 'सेक्शन 232' की जांच के बाद लिया गया है, जिसमें विदेशी दवाओं पर निर्भरता को अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। राहत की बात यह है कि ट्रंप सरकार ने जेनेरिक दवाओं (सस्ती दवाएं) को फिलहाल इस भारी टैक्स से बाहर रखा है। भारत सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाएं ही अमेरिका भेजता है, इसलिए तुरंत कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। हालांकि, पेटेंट वाली दवाओं और उनके कच्चे माल पर 100% टैक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर


चेतावनी के साथ 120 दिन की मोहलत

### भारत के लिए आगे क्या है चुनौती?

भले ही अभी जेनेरिक दवाओं को छूट मिली है, लेकिन व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि वे भविष्य में इस पर फिर से विचार करेंगे। लंबी अवधि में भारत के लिए चिंता की बात यह है कि बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां अब भारत के बजाय अमेरिका में निवेश करना पसंद कर सकती हैं। इससे भारत के फार्मा सेक्टर में आने वाले विदेशी निवेश और कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग पर असर पड़ सकता है।

### 120-180 दिन की मोहलत


टैरिफ के लिए ट्रंप प्रशासन ने बड़ी दवा कंपनियों को 120 दिनों की समय सीमा दी गई है और ये इस गर्मी के अंत में लागू होंगे, जबकि छोटी कंपनियों को अनुपालन के लिए 180 दिन मिलेंगे। हालांकि, इस आदेश में व्यापक छूटें शामिल हैं। जो कंपनियां मूल्य निर्धारण पहल में शामिल होने या अमेरिका में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सहमत होती हैं, वे टैरिफ में काफी कमी कर सकती हैं या उनसे बच सकती हैं।

राज्य सरकार ने नामों को दी मंजूरी

# आलोक नागर और राजेश भट्ट बनेंगे सूचना आयुक्त

***इस बार भी किसी पत्रकार का नाम नहीं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


आलोक नागर


राजेश भट्ट

प्रदेश सरकार राज्य सूचना आयोग में दो नए सूचना आयुक्त नियुक्त किए हैं। सरकार ने पूर्व रजिस्ट्रार (फर्म एवं सोसायटी) आलोक नागर और आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम प्रभारी राजेश भट्ट को सूचना आयुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इन दोनों नामों को राज्यपाल की मंजूरी भी मिल गई है। इन नियुक्तियों का फैसला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक में दोनों नामों पर सहमति बनने के बाद इन्हें अंतिम रूप दिया गया। राज्य सरकार ने तीन सूचना ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिवपुरी में हृदयविदारक हादसा, 2 की मौत

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई ट्रैक्टर ट्रॉली, महिला और बालक जिंदा जले

दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में कोलारस थानांतर्गत देहरदा-डोंड़याई रोड पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इससे ट्राली में सवार एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं सात वर्षीय बालक ने भी झुलसने से दम तोड़ दिया। इस हादसे में एक अन्य महिला और पुरुष घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलारस थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार राजस्थान के बारां जिले के खेड़ली गांव में रहने वाला बंजारा परिवार भूसा खरीदने के लिए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कोलारस में पूरनखेड़ी टोल टैक्स के पास डेरा डालकर रह रहा था। शुक्रवार सुबह बंजारा परिवार के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गांवों में भूसा खरीदने के लिए डोंड़याई गांव जा रहे थे। आगे ▶▶ शेष पेज 4 पर

नागरिक कर्तव्य का एक 'प्रेरणादायक' उदाहरण

# सीजेआई ने जनगणना 2027 के लिए अपना स्व-गणना कार्य खुद पूरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय (एमचएए) के एक अधिकारी ने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपने आवास पर जनगणना 2027 की स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लिया। जनगणना 2027 ने सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी कर इस बात की पुष्टि की और नागरिकों को स्व-गणना करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जनगणना आयुक्त कार्यालय ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने अपने आवास पर सेंसस 2027 के प्रथम चरण यानी गृह सूचीकरण और आवास जनगणना की स्व-गणना सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। नागरिक कर्तव्य का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सीजेआई ने सुरक्षित स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कराया। यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना में एक महत्वपूर्ण ▶▶ शेष पेज 4 पर


जारी की तस्वीर

जीप मैरिज लॉन की दीवार से टकराई

# एयरबैग खुलने के बावजूद दो युवकों की नहीं बच सकी जान

दीवार क्षतिग्रस्त और जीप बुरी तरह चकनाचूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल-सारणी मार्ग पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो युवकों की जान ले ली, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गोठाना क्षेत्र में तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मैरिज लॉन की दीवार से जा भिड़ी। पुलिस के अनुसार, रात करीब 11:15 बजे जीप (एमपी 48 टी 1317) का चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और जीप लहराते हुए जोरदार टक्कर के साथ दीवार में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन बुरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी, जिससे सड़क फिसलन भरी थी। इस दर्दनाक दुर्घटना में अर्जुन नगर निवासी 25 वर्षीय प्रफुल्ल अनिल ठोके और पुनीत ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रदेश में चार दिन तक ऐसे ही रहेगा बारिश-ओले का मौसम

तीन से चार डिग्री गिरा दिन और रात का तापमान

# 3 दर्जन शहरों में बारिश, 7 में गिरे ओले सेंधवा में सबसे ज्यादा 38 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही प्रदेश के लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल रही है, हालांकि ओले-बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है।

शुक्रवार को भी 3 दर्जन जिलों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें अलीराजपुर के सेंधवा में सबसे ज्यादा 38 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि 7 जिलों में ओले भी गिरे, जिसमें धार, राजगढ़, बुरहानपुर, भिंड, उज्जैन, अलीराजपुर और देवास शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में ओले गिरने की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलेगी। कुछ जिलों में इसकी अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। बाकी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान है। इसके साथ बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।


ग्रामीण क्षेत्रों में ओले गिरने से फसलों को नुकसान
भोपाल सेमरा रोड का दृश्य

### आज यहां रहेगा बारिश का अलर्ट

भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और रतलाम में आंधी, बारिश का अलर्ट है।

### खजुराहो में 40.4 और रतलाम में 39.5 डिग्री

दरअसल प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का सिस्टम सक्रिय है। शुक्रवार को सुबह से भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। वहीं, 17 जिलों में तेज आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। बावजूद इसके प्रदेश में अधिकतम तापमान खजुराहो में 40.4 और रतलाम में 39.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ अधिकतर शहरों में दिन और रात के तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को प्रदेश के 14 शहर रतलाम, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, उज्जैन, इंदौर, खंडवा, भोपाल, खरगौन, बुरहानपुर, बड़वानी, राजगढ़, नर्मदापुरम और भिंड में बारिश दर्ज की गई है।

कांग्रेस विधायक भारती की सदस्यता समाप्ति पर विशेषज्ञों की राय

# विधानसभा सदस्यता समाप्त करने नहीं थी जल्दबाजी की जरूरत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दिल्ली की अदालत से तीन साल की सजा होने के बाद विधानसभा सचिवालय द्वारा दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता जिस तरह समाप्त की गई, उस तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। संविधान के जानकारों का कहना है कि कोर्ट का निर्णय हुआ है तो कार्रवाई भी होगी, लेकिन वह सामान्य गति से होना चाहिए। इसमें न तेजी दिखाई जाना चाहिए और न ही इसे धीमा किया जाना चाहिए। ऐसा होने पर संदेश गलत जाता है। विधानसभा को ऐसा संदेश देने से बचना चाहिए। भारती अब हाईकोर्ट जाएंगे, वहां से राहत न मिली तो आयोग दतिया विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव कराएगा।


राजेंद्र भारती

## पूर्व अधिकारियों ने कहा- कार्रवाई धीमी हो या तेज, नहीं जाता ठीक संदेश

### परिवार का होने के नाते नहीं करना थी जल्दबाजी: इसराणी

मप्र विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसराणी का कहना है कि कोर्ट ने विधायक राजेंद्र भारती को दो साल से ज्यादा 3 साल की सजा सुनाई है। इसलिए कानून के अनुसार विधायक की सदस्यता समाप्त होगी, लेकिन कोर्ट ने सजा सुनाने के साथ विधायक को अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया है। विधानसभा सदस्य होने के नाते विधायक विधानसभा परिवार का ही सदस्य है। यदि कोर्ट विधायक को राहत दे रहा है तो विधानसभा को भी परिवार का होने के नाते समय देना चाहिए था। इसराणी ने कहा कि विधानसभा की कार्रवाई गलत नहीं है, लेकिन जिस ताबड़तोड़ तरीके से रात में सचिवालय खोल कर कार्रवाई की गई, वह तकनीकी दृष्टि से ठीक नहीं है। विधानसभा सचिवालय चाहता तो अपील तक इंतजार कर सकता था, वैसे भी हाईकोर्ट जो निर्णय देगा, आगे वही होगा।


भगवानदेव इसराणी

### इस तरह की जल्दबाजी से संदेश ठीक नहीं गया: वर्मा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव देवेंद्र वर्मा ने भी राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त करने के लिए की गई जल्दबाजी पर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि 3 साल की सजा होने पर कानून के अनुसार विधायक की सदस्यता जाना तय है, लेकिन कानून का पालन इस तरह किया जाना चाहिए ताकि संदेश गलत न जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मसले पर न ही जल्दबाजी ठीक है और न ही उसे ठंडे बस्ते में डाल देना। दोनो ही स्थिति में गलत संदेश जाता है। वर्मा ने कहा कि राजेंद्र भारती के मामले में विधानसभा सचिवालय ने जिस तरह किया, उसे देख कर लगता है कि सचिवालय सदस्यता समाप्त करने के इंतजार में ही बैठा था। विधानसभा को सामान्य गति से काम करना था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जा सकती है और अंतिम फैसले पर सदस्यता और उप चुनाव निर्भर होगा।


देवेंद्र वर्मा

### कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती का मामला पूरी तरह न्यायिक इसमें किसी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं : खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती की विधानसभा सदस्यता खत्म होने पर प्रतिक्रिया दी। खंडेलवाल ने कहा कि यह मामला पूरी तरह न्यायालय से संबंधित है और इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में कथित हेरफेर के मामले में न्यायालय ने साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर निर्णय दिया है, जिसका सम्मान करना हर नागरिक और राजनीतिक दल का दायित्व है। भारतीय जनता पार्टी न्यायालय के निर्णय के साथ खड़ी है और उसके प्रत्येक निर्देश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों में सदस्यता समाप्ति या उपचुनाव जैसे निर्णय लेने का अधिकार संवैधानिक संस्थाओं, विशेष रूप से विधानसभा एवं भारत निर्वाचन आयोग को है। इस मामले को कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि यह पूर्णतः न्यायिक प्रक्रिया है और भाजपा का इससे कोई संबंध नहीं है।


हेमंत खंडेलवाल

## भूमि अधिग्रहण भुगतान में सख्ती, राशि निकालने से पहले वित्त विभाग से लेनी होगी मंजूरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण से जुड़ी राशि के भुगतान में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब किसी भी परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की राशि निकालने से पहले संबंधित विभाग को वित्त विभाग से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेनी होगी। सरकार का यह कदम गड़बड़ियों पर लगाम लगाने और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले समय में भूमि अधिग्रहण के मामलों में अनियमितताओं और राशि के दुरुपयोग की शिकायतें सामने आई थीं। कई मामलों में बिना पर्याप्त जांच और स्वीकृति के बड़ी रकम निकाल ली गई, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। इसी को देखते हुए सरकार ने यह सख्त व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। नए प्रावधान के तहत अब भूमि अधिग्रहण से संबंधित राशि तभी जारी की जाएगी, जब वित्त विभाग उसकी स्वीकृति देगा। इसके अलावा, संबंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि राशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जाए। भुगतान की प्रक्रिया पर निगरानी रखी जाएगी और लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस फैसले से न केवल वित्तीय अनुशासन मजबूत होगा, बल्कि परियोजनाओं में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी राज्यों में आपसी सहयोग को बढ़ाने का कर रहे महत्वपूर्ण कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य प्रतिभाओं का मंच, युवा पीढ़ी को 'सार्थक' संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन की उत्कृष्ट परंपरा के नायक सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से हम सभी परिचित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मस्थली काशी में इस महानाट्य के मंचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन से राष्ट्र को दिए जा रहे योगदान के लिए वे अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को वाराणसी में आयोजित तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। समारोह का शुभारंभ उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर में दो राज्यों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। दोनों राज्य विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना दोनों राज्यों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है, जो सिंचाई, कृषि उत्पादन और पेयजल आपूर्ति में सहायक होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन काल में सम्राट विक्रमादित्य के शासन की याद आना स्वाभाविक है। विक्रमादित्य के राष्ट्रप्रेम, पराक्रम, न्यायप्रियता और ज्ञान-विज्ञान परंपरा को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने में यह महानाट्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महानाट्य का मंचन पहले नई दिल्ली में भी किया जा चुका है। इसमें इंजीनियर, डॉक्टर, वकील सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली लोग पात्रों की भूमिका निभाते हैं। इससे जहां प्रतिभाओं को मंच मिलता है, वहीं नागरिकों को एक आदर्श शासक के योगदान की जानकारी भी मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत में भाइयों की तीन जोड़ियां प्रसिद्ध हैं भगवान राम-लक्ष्मण, भगवान कृष्ण-बलराम और सम्राट विक्रमादित्य-राजा भर्तृहरि।

**सीएम डॉ. यादव ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किया शुभारंभ**

**वाराणसी में मप्र सरकार का तीन दिवसीय आयोजन शुरू**



### डॉ. यादव ने योगी आदित्यनाथ को वैदिक घड़ी भेंट की

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैदिक घड़ी भेंट की। यह घड़ी प्राचीन वैदिक परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का उदाहरण है, जो समय की सटीक गणना प्रस्तुत करती है। समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधि, मंत्रीगण, साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे।

### एक करोड़ एक लाख रुपए का 'सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान'

डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने एक करोड़ एक लाख रुपए का 'सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान' प्रारंभ किया है। इसके अलावा 21 लाख रुपए का एक राष्ट्रीय सम्मान और 5-5 लाख रुपए के तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2024 में आयोजित विक्रमोत्सव को महाद्वीप स्तरीय 'वॉव अवॉर्ड' और 'ईमैक्स ग्लोबल अवार्ड' भी प्राप्त हुए हैं।

### मप्र और उप्र के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का यह प्रयास सराहनीय



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आयोजन को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करते हुए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य और राजा भर्तृहरि की जोड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि भर्तृहरि ने नाथ संप्रदाय में दीक्षा लेकर काशी और चुनार में साधना की थी। सम्राट विक्रमादित्य को नीति और न्याय का प्रतीक बताया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उज्जैन महाकाल की नगरी है और काशी पंचांग की नगरी दोनों मिलकर प्रेम और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

### सोशल मीडिया बनी युवाओं की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. मोहन

## सोशल मीडिया की मप्र टूरिज्म इनफ्लुएंसर मीट का शुभारंभ


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सोशल मीडिया वर्तमान समय में युवाओं की सबसे बड़ी ताकत बन गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति से सनातन परंपरा के वैचारिक आधार को शिक्षा नीति में समाहित किया है। ऐसा करके युवाओं को सच्चे संस्कार के साथ विकास का अवसर दिया गया है। हमें विकास के साथ-साथ प्राचीन काल के गौरव और परंपराओं पर भी गर्व होना चाहिए।

डॉ. यादव वाराणसी में शुक्रवार को सोशल मीडिया की मध्यप्रदेश टूरिज्म.इनफ्लुएंसर मीट का शुभारंभ कर बोल रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश दो भाइयों की जोड़ी है। दोनों मिलकर विकास के नए प्रतिमान बनाएंगे। बाबा विश्वनाथ के धाम में उज्जैन और मप्र के गौरव की झलक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से हम बाबा विश्वनाथ के धाम में उज्जैन और मध्यप्रदेश के प्राचीन गौरव की झलक दिखा रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, वीरता और धर्म परायणता हम सबको प्रेरित और गौरवान्वित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्राचीन गौरव के साथ विकास को नया आयाम दिया है। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण ने धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्यों के बीच में सद्भाव और विकास के साथ सहयोग बढ़ा है। डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ अद्भुत होगा। इसमें श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले सभी नागरिकों,पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या अप्रत्याशित रहेगी। इस दृष्टि से नए कीर्तिमान भी बनेंगे।

## सेहतनामा

### संजीवनी क्लीनिक में डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले

अगर आप शहर के किसी भी संजीवनी क्लीनिक में इलाज कराने जा रहे तो पहले पता कर लें कि डॉक्टर्स है या नहीं। दरअसल शहर के संजीवनी क्लीनिकों में इलाज का सिस्टम भी बड़ा दिलचस्प है। मरीज उम्मीद लेकर आते हैं, और डाक्टर अपनी सुविधा देखकर। सरकार ने अनुभवी विशेषज्ञ तो लगाए हैं, लेकिन उनमें से कई या तो रिटायर हैं या अपनी निजी प्रैक्टिस में ज्यादा व्यस्त। हाजिरी के लिए रजिस्टर मौजूद है, जहां सब समय पर उपस्थित हो जाते हैं। अब यह अलग बात है कि उपस्थिति कागजों में ज्यादा दिखती है और ओपीडी में कम। कुछ डाक्टर सच में मेहनत से मरीज देखते हैं, लेकिन कई ऐसे भी हैं जो सिर्फ एक घंटा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। मरीज इंतजार करते रहते हैं और डाक्टर साहब आधा समय जान-पहचान वालों से गपशप में निकाल देते हैं। जब बड़े अधिकारी निरीक्षण पर आते हैं तो सब कुछ चमकता हुआ नजर आता है। लेकिन उनके जाते ही फिर वही पुरानी चाल शुरू।

### राहत से पहले कागजी दौड़ तय

सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए योजनाओं पर कार्यशाला हुई, जहां बताया गया कि अब हादसे के बाद इलाज की चिंता नहीं, क्योंकि डेढ़ लाख तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। योजना कहती है कि पहले सात दिन तक इलाज निःशुल्क उपचार मिलेगा, लेकिन शर्तें भी कम दिलचस्प नहीं हैं। मामूली केस में 24 घंटे और गंभीर में 48 घंटे का स्टेबलाइजेशन तय है। यानी मरीज और परिजन घड़ी देखकर तय करें कि हालत कितनी गंभीर रखनी है। ऊपर से पूरा सिस्टम डिजिटल और पुलिस प्रमाणीकरण पर टिका है, तो राहत से पहले कागजी दौड़ तय है। राहवीर योजना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार का इनाम है। अब इंसानियत और प्रोत्साहन साथ-साथ चलेंगे। 112 पर कॉल करने से सब कुछ समन्वित होगा। उम्मीद है कि असली जिंदगी में भी मदद उतनी ही तेज पहुंचे, जितनी तेजी से योजनाएं कागजों पर दौड़ती हैं।

### सख्ती सिर्फ बैठकों तक ना सिमट जाए

जिले में बेटा-बेटी की जांच पर रोक लगाने वाले कानून को लेकर बैठक हुई और एक बार फिर सख्ती के बड़े-बड़े दावे किए गए। कहा गया कि अब हर नियम का कड़ाई से पालन होगा और सोनोग्राफी केंद्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी। सुनकर ऐसा लगा जैसे अब कोई गड़बड़ी बचने वाली ही नहीं है। बैठक में करीब 40 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों के नए पंजीयन, नवीनीकरण और आवेदन में सुधार पर चर्चा हुई। कागजों पर सब कुछ बहुत साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखा। हर फाइल आगे बढ़ी, हर प्रक्रिया पूरी हुई और सब कुछ नियमों के अनुसार हो गया। अब असली सवाल यही है कि क्या यही सख्ती जमीन पर भी दिखाई देगी, क्योंकि इस कानून का मकसद सिर्फ फाइलें निपटाना नहीं, बल्कि गलत कामों को रोकना है। फिलहाल निर्देश जारी हो चुके हैं और निगरानी लगातार रहने की बात कही गई है। अब देखना यह है कि यह सख्ती सिर्फ बैठकों तक रहती है या सच में असर भी दिखाती है।

**सचिन सिंह बैस**

### राज्य स्तरीय कार्यकारिणी सम्मेलन

## 'आप' के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन, कार्यों की होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम आदमी पार्टी मप्र के राजधानी के पिपलानी क्षेत्र के सोनागिरी स्थित नवीन प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को आप मप्र प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी की राज्य स्तरीय कार्यकारणी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन मे प्रदेशभर के आप नेता शामिल हुए। वहीं आप प्रदेश प्रभारी जीतेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता मे दिल्ली से आए 15 प्रदेश सह प्रभारी भी सम्मेलन मे उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मप्र मे केजरीवाल मॉडल को घर-घर पहुंचाने का काम पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करना है। नवनियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। तय समय सीमा मे सभी को पूरी ताकत मेहनत व ईमानदारी से अपने पद के साथ न्याय करना होगा। पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने तय किया है कि आम आदमी पार्टी मप्र मे आगामी सारे चुनाव पूरी ताकत व दम ख़म से लड़ेगी। आम आदमी पार्टी मप्र में आगामी 5 अप्रैल से ज़ोन स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन करेगी। आप की संगठनात्मक व्यवस्था में प्रदेश को 13 ज़ोनो में विभाजित किया गया है।

### भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने बड़वानी के मंडल प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

समाज के हर वर्ग का समग्र विकास भाजपा का लक्ष्य

## बूथ सबसे मजबूत, यही हमारा मंत्र, इसे साकार करने की जिम्मेदारी हम सभी की : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बड़वानी जिले के खेतिया, पानसेमल और सेंधवा मंडल में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस अवसर पर जामवाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं, समाज के हर वर्ग का समग्र विकास और कल्याण करना है। उन्होने कहा कि बूथ सबसे मजबूत यही हमारा मंत्र है और इसे साकार करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। भाजपा की शक्ति उसकी प्राथमिक इकाई, बूथ में निहित है।

भाजपा की सरकारें गरीबों और आवश्यकतानुसार वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती हैं, ताकि समाज का कोई भी वर्ग और कोई भी परिवार पीछे न रहे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करे और उन्हें भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का कर्तव्य निभाए। यही रास्ता हमें राष्ट्र की सेवा में और अधिक समर्पण से काम करने की प्रेरणा देता है। प्रशिक्षण वर्ग हर कार्यकर्ता के कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल।

### जय वह शक्ति है, जो जनता जनार्दन में निहित है

जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की जय के उद्घोष से होती है। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का जीवंत प्रतीक है। भारत हमारी भूमि है, माता हमारी संस्कृति है, और जय वह शक्ति है, जो जनता जनार्दन में निहित है। जब हम भारत माता की जय बोलते हैं, तो यह उद्घोष न केवल हमारे दिलों में देशभक्ति का दीप जलाता है, बल्कि हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से भी जोड़ता है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा- जनता का विश्वास लगातार कमजोर हो रहा

# आधी रात को विधानसभा सचिवालय खुलवाकर भारती की सदस्यता समाप्त की, यह सत्ता के दबाव में की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया विधानसभा प्रकरण, प्रदेश में गहराते किसान संकट और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश और देश में लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास लगातार कमजोर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जनता का भरोसा उठना लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है। पटवारी ने आरोप लगाया कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को न्याय के लिए 60 दिनों का समय दिया गया था, इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा आधी रात को विधानसभा सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। उन्होंने इसे सत्ता के दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज़ का मामला लंबित है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो सरकार के दोहरे मापदंड को उजागर करता है।



### किसान कल्याण वर्ष नहीं यह किसान शोषण वर्ष

किसानों की स्थिति पर तीखा प्रहार करते हुए पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के नाम पर वास्तव में किसान शोषण वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने खाद की कमी को लेकर कहा कि प्रदेशभर में किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा, जहां महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की हुई, लाठियां चलीं और कई बुजुर्गों की जान तक चली गई, जबकि सरकार लगातार कमी से इनकार करती रही। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई, जो सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### बारदाना संकट और खरीदी व्यवस्था पर सवाल

*पटवारी ने कहा कि सरकार युद्ध का हवाला देकर गेहूं खरीदी में देरी कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि वर्ष 2026 में 10 करोड़ बारदाने की आवश्यकता थी, लेकिन सरकार ने मात्र 2 करोड़ 60 लाख बारदाने का ही आवेदन किया। लगभग 7.5 करोड़ बारदाने की कमी सरकार की घोर लापरवाही को दर्शाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जूट एक्ट के तहत राज्य सरकार को अपनी आवश्यकता के अनुसार केंद्र को समय पर आवेदन और अग्रिम भुगतान करना होता है, लेकिन सरकार दोनों ही मोर्चों पर विफल रही। उन्होंने कहा कि यह कमी किसी युद्ध या बाहरी कारण से नहीं, बल्कि सरकार की अकर्मण्यता का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी कमी की संभावना हो सकती है तो वह पेट्रोलियम आधारित पीपी बैग में हो सकती है, जबकि जूट आधारित बारदाने की कमी का तर्क पूरी तरह भ्रामक है।*

### खरीदी में देरी से किसानों को नुकसान

*उन्होंने बताया कि खरीदी की तारीखें लगातार आगे बढ़ाई जा रही हैं पहले 16 मार्च, फिर 1 अप्रैल और अब 10 अप्रैल। इस कुप्रबंधन के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा और बड़ी संख्या में किसान डिफॉल्टर हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने गेहूं खरीदी की तिथि तो बढ़ा दी, लेकिन ऋण अदायगी की अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंस गए।*

7 25 फीट की ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर....

8 महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' के मंचन....




### मेट्रो की टनल में अड़चन टीबीएम की बूस्टिंग पर ब्रेक...

# 45 साल पुराने जर्जर भवन को करवाया जा सकता है खाली...

*अल्पना तिराहे पर जर्जर शालीमार ट्रेड सेंटर की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चल रहा खाली कराने पर विचार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो रेल परियोजना के तहत 3.39 किलोमीटर लंबी भूमिगत टनल निर्माण कार्य पर रूट के दायरे में आ रहे 45 साल पुराने जर्जर भवन को लेकर ब्रेक लग गया है। अल्पना तिराहे पर जर्जर शालीमार ट्रेड सेंटर की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों के बाद उक्त भवन को खाली कराने पर विचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मेट्रो प्रशासन भी भवन को खाली करवाने के मूड में है। हालांकि इसका निर्णय स्ट्रक्चरल वैल्युएशन की रिपोर्ट के बाद होगा। टीबीएम ने 30 मार्च को जमीन की खुदाई का काम शुरू कर दिया था, लेकिन अब इस भवन की जर्जर स्थिति के कारण ड्रिलिंग का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मेट्रो प्रबंधन ने शालीमार ट्रेड सेंटर को गिरने से बचाने के लिए उसमें लोहे के एंगल लगाए हैं। भवन की जर्जर हालत को देखते हुए मेट्रो प्रबंधन ने नगर निगम को पत्र लिखकर इस स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से टीबीएम की बोस्टिंग को फिलहाल रोक दिया गया है। सूत्रों की मानें तो मेट्रो प्रबंधन शालीमार ट्रेड सेंटर के खाली करवाने का मूड बना चुका है। लिहाजा जल्द ही इस बहुमंजिला इमारत को खाली करवा जाएगा।

1. लोहे की सेंटिंग से दिया था भवन की कमजोर दीवारों और छत को सहारा
2. टीबीएम ने 30 मार्च को शुरू कर दिया था जमीन की खुदाई का काम
3. अब इस भवन की जर्जर स्थिति के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहा है ड्रिलिंग का काम
4. मेट्रो प्रबंधन ने नगर निगम को पत्र लिखकर इस स्थिति से करा दिया है अवगत

### स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट करेगी निर्णय



भवन के आसपास लोहे के खंभे लगाकर और अंदर दुकानों को लोहे के एंगल लगाकर सपोर्ट दिया गया है।

नगर निगम ने एक अप्रैल को मैनिट को पत्र लिखकर भवन के स्ट्रक्चरल वैल्युएशन का आग्रह किया था। अब पूरी स्थिति विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट पर टिकी है। निगम अधिकारियों के अनुसार मैनिट की टीम भवन की मजबूती की जांच करेगी। यह जांच कब होगी इसको लेकर मेट्रो प्रबंधन के अधिकारी चुप्पी साधे हैं। यह जांच शनिवार या रविवार को होने की संभावना जताई जा रही है।

#### तकनीकी उलझन ने रोकी काम की गति

टीबीएम को रोजाना 5 से 7 मीटर तक खुदाई करनी थी, लेकिन तकनीकी और सुरक्षा कारणों से मामला उलझने के कारण काम की गति धीमी पड़ गई है। मेट्रो प्रबंधन ने इस मामले पर कुछ भी बताने से बच रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यापारियों में अनिश्चितता का माहौल है। जब तक स्ट्रक्चरल वैल्युएशन की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक टीबीएम की बोस्टिंग का काम आगे नहीं बढ़ पाएगा।

## लालघाटी की प्रियंका गैस एजेंसी में सिलेंडर लेने के लिए तो सेमरा में शराब दुकान खोले जाने पर भीड़ का हंगामा

# बुक सिलेंडर लेने पहुंचे तो एजेंसी संचालक ने कहा- सिलेंडर तो डिलीवर हो गया, हंगामा

उपभोक्ता बोले-कालाबाजारी कर रही लालघाटी की प्रियंका इंडेन गैस एजेंसी

कलेक्टर के निर्देश-एसडीएम क्षेत्र में गैस एजेंसियों पर जाकर जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच दिन पहले घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद शुक्रवार को जब प्रियंका इंडेन गैस एजेंसी पर दो उपभोक्ता पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि दो दिन पहले सिलेंडर डिलीवर कर दिया गया है और कहा गया कि दोबारा बुकिंग करना पड़ेगी। इधर, उपभोक्ता ने जब बुकिंग की, तो बुकिंग ही नहीं हुई। ऐसे में उपभोक्ता का सिलेंडर कहां गया, इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर, शुक्रवार को इंडेन कंपनी का सर्वर नहीं चला, इसलिए सिलेंडर के बिल जनरेट नहीं हो सके। ऐसे में प्रियंका एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया। एजेंसी संचालक की सूचना पर खाद्य और तेल कंपनी के अफसरों ने लोगों को समझाइश देकर रवाना किया।

सिलेंडर लेने आए अशोक उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने 28 मार्च को बुकिंग कराई थी, लेकिन यह 3 अप्रैल की सुबह तक भी सप्लाई नहीं हुआ। इस पर एजेंसी पहुंचे तो यहां पता चला कि सिलेंडर तो पहले ही घर पर डिलीवर हो गया। एक अन्य ग्राहक ने बताया कि प्रियंका एजेंसी पर बुकिंग कराई थी, लेकिन सिलेंडर नहीं दे रहे।

### बुकिंग के बाद होम डिलीवरी की सख्ती, ओटीपी अटके



लालघाटी स्थित प्रियंका गैस एजेंसी पर हंगामा करते उपभोक्ता।

शहर की गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। कभी कतारें कम हो जाती हैं तो कभी अचानक से बढ़ जाती हैं। ऑयल कंपनियों की सख्ती की वजह से 100 फीसदी ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही होम डिलीवरी हो पा रही है। एजेंसियों के निर्देश हैं कि सौ फीसद डीएसई नंबर जनरेट होने के बाद ही गैस सिलेंडर का बिल जनरेट कर गैस सिलेंडर सप्लाई किया जाए। इधर, गैस एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि 100 फीसदी डीएसई नंबर जनरेट ही नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

### 25 हजार से ज्यादा बुकिंग पेंडिंग, सप्लाई 10 से 11 हजार

राजधानी में अब तक 25 हजार से ज्यादा बुकिंग पेंडिंग हैं। इधर रोजाना 12 से 14 हजार तक सिलेंडर बुक हो रहे हैं, जबकि इनकी सप्लाई 10 से 11 हजार है। इस वजह से बुकिंग बढ़ गई है। ऐसे में किसी दिन सर्वर नहीं चलने से बुकिंग की पेंडेंसी बढ़ जाती है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि इंडेन कंपनी के बिल जनरेट नहीं होने पर टीम को एजेंसी भेजा गया था, लोगों को दो से तीन दिन में सिलेंडर मिलने की बात कही गई है।

# सेमरा में शराब दुकान खुली तो लोगों ने घेरा, दुकानदारों को बंद करना पड़े शटर

हंगामे के बाद तहसीलदार पहुंचे, तो लोगों ने सौंपा ज्ञापन

महिलाओं ने की नारेबाजी, बच्चों ने भी उठाई नारे लिखीं तख्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के कोलार स्थित मंदाकिनी चौराहा, सेमरा गेट और ईंटखेड़ी स्थित शराब दुकानों को लेकर दूसरे दिन भी विरोध जारी रहा। शुक्रवार सुबह जब मंदाकिनी चौराहे की शराब दुकान खुली तो वहां रहवासी जमा हो गए। शराब दुकान बंद करने के लेकर नारेबाजी के बाद दुकान कर्मचारियों ने शटर गिरा दिया। सूचना पर कोलार तहसीलदार एनएस परमार पहुंचे, जिन्हें ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को हटाने की मांग की है। इधर, सेमरा शराब दुकान के विरोध में भी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर बच्चों ने तख्तियों में शराब दुकान हटाने की मांग रखी।

कोलार के प्रदर्शन में सकल जैन समाज के लोग भी शामिल हुए। उनका कहना है कि दुकान बंद होने तक विरोध जारी रहेगा और इसे किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। यह शराब दुकान पहले सर्वधर्म इलाके में संचालित हो रही थी, जिसे हाल ही में मंदाकिनी चौराहे पर शिफ्ट किया गया है। नए स्थान के ठीक पीछे जैन मंदिर और आसपास घनी आबादी होने के कारण लोगों ने आपत्ति जताई है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चौराहे जैसे प्रमुख स्थान पर ठेका खुलने से ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन रही है।



सेमरा में शराब दुकान का विरोध करते रहवासी।

#### शराब दुकानों से मिलेंगे 14 सौ करोड़, नीलामी प्रक्रिया जारी

जिले की शराब दुकानों से इस बार आबकारी विभाग को 14 सौ करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिलेगी, जबकि पिछले साल सरकार को भोपाल से 1193 करोड़ का राजस्व मिला था। इस बार 1431 करोड़ राजस्व के लिए नीलामी प्रक्रिया जारी है। इस बार माइनस 30 फीसदी की कैपिंग के साथ नए ऑक्शन में शामिल दुकानों का आवंटन किया जाना है। करीब 235 करोड़ की नीलामी का काम चल रहा है। एक दो दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा।

#### पहले सर्वधर्म इलाके में थी, अब मंदाकिनी में शिफ्ट हुई यह दुकान

कोलार रोड पर पहले यह दुकान सर्वधर्म इलाके में थी, जो अब मंदाकिनी चौराहे पर शिफ्ट कर दी गई है। इसके ठीक पीछे जैन मंदिर है और रहवासी इलाका है। कोलार रोड के सबसे प्रमुख स्थान मंदाकिनी चौराहे पर मंदाकिनी जैन मंदिर के पीछे ही शराब दुकान खुल गई है। शराब दुकान खुलने के पहले ही दिन आसपास जाम लग गया। लोगों ने कहा, इस वाइन शॉप को मंदाकिनी के साथ सर्वधर्म कॉलोनी से भी हटाने की मांग करेंगे। सर्वधर्म पुल के पार नई दुकानें बनी हैं, वहां शिफ्ट किया जाए।

### सेवा भारती की छात्रावास प्रवेश चयन परीक्षा 26 को

**भोपाल।** सेवा भारती, मध्य भारत प्रांत द्वारा संचालित छात्रावासों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को किया जा रहा है। यह चयन परीक्षा मध्य भारत प्रांत के निम्न जिलों में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए है जिसमें भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम्, बैतूल, हरदा शामिल है। इसमें वे छात्र जिन्होंने वर्ष 2026 में कक्षा 5वीं उत्तीर्ण की है। उन्हें कक्षा 6वीं में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा का समय दोपहर 11 बजे से होगा।

#### हार्ट अटैक की आशंका, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

## क्रिकेट की बॉल उठाने दौड़ा 16 साल का किशोर लड़खड़ाकर गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र के रतुआ लालघाटी गांव में 16 साल के किशोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह अपने भाई सहित चार लोगों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। दौड़ते समय वह लड़खड़ाकर गिरा और बेसुध हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अनुमान है कि गर्मी में खेलते समय उसे हार्ट अटैक आया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार रंजीत पिता राजू ओसारी (16) गांव रतुआ लालघाटी में रहता था। वह पढ़ाई छोड़ चुका था और प्राइवेट काम करता था।

गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह रतुआ लालघाटी में खंती में अपने भाई सहित चार नाबालिगों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। एक अन्य नाबालिग ने बेटिंग करते समय शॉट मारा और रंजीत बॉल उठाने के लिए दौड़ा था। दौड़ते समय वह लड़खड़ाकर गिर गया। भाई और उसका दोस्त उसे लेकर घर पहुंचे, वहां से अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

#### जनगणना को लेकर अहम बैठक में रहे थे अनुपस्थित

## निगम ने 13 सहायक यंत्री, 16 उपयंत्री समेत 32 कर्मियों को थमाए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की जनगणना-2027 के संबंध में बुलाई गई बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले निगम के 32 अधिकारियों-कर्मचारियों को निगम प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इनमें सहायक यंत्री, उपयंत्री, सुपरवाइजर व समयपाल शामिल हैं।

निगम प्रशासन ने अधिकारी-कर्मचारियों को सोमवार तक स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी।

#### सोमवार को खुद हाजिर होकर देना होगा जवाब

निगम प्रशासन द्वारा जनगणना-2027 को लेकर बैठक बुलाई थी, लेकिन उसमें निगम के 13 सहायक यंत्री, 16 उप-यंत्री, 2 सुपरवाइजर व 1 समयपाल उपस्थित नहीं हुए। निगम प्रशासन ने इसे राष्ट्रीय महत्व के काम से संबंधित लापरवाही मानते हुए तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। उक्त अधिकारी-कर्मचारियों को अपना स्पष्टीकरण सोमवार तक खुद उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

#### यह अनुपस्थित रहे अधिकारी-कर्मचारी

एई आदित्य शर्मा, गौरव प्रजापति, केसी गुप्ता, अजय सोलंकी, शुभम वर्मा, निशांत तिवारी, एसबी सिंह, चंदन पिपलाद, ज्योति मानकेले, पवन मेहरा, अभिषेक मालवीय, अंकुर रायजादा, अमन सिंह, उपयंत्री संजय बराड़िया, अमर सिंह , आकृति पटेल, आदित्य खरे, अनिता मेहर, शुभकामना ठाकुर, सत्यम सिंह, अमित दुबे, कीर्ति तोमर, अजय राजावत, अमित दुबे, जोगेंदर सिंह, रूपांकन वर्मा, जितेन्द्र गुप्ता, शीतल विश्वकर्मा, सुपरवाइजर श्रीनिवास द्विवेदी व इफ्तिखार खान तथा अंशुल पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

#### अब केवल रिडेवलपमेंट पर फोकस

## छोटे तालाब किनारे होना थी स्टोन पिचिंग, एनजीटी का नोटिस मिलने तक 1000 मीटर हो चुकी थी, काम रोका


छोटी झील किनारे इस तरह से किया गया है स्टोन पिंचिंग का कार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के छोटे तालाब किनारे शुरू किए गए स्टोन पिचिंग निर्माण कार्य को शुक्रवार को नगर निगम ने एनजीटी से नोटिस मिलने के बाद रोक दिया। गुरुवार को यह मामला पर्यावरण विदों ने एनजीटी तक पहुंचाया था। तालाब किनारे 2500 मीटर के दायरे में स्टोन पिचिंग का काम नगर निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ ने शुरू किया था, लेकिन काम जब रोका गया तब तक 1000 मीटर तक यह काम हो चुका था। अब यहां केवल सौंदर्यीकरण का काम होगा। स्टोन पिचिंग के लिए रोड किनारे रखे पत्थर भी हटा दिए गए।

पर्यावरणविदों ने एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई थी कि नगर निगम छोटा तालाब के किनारे पानी के अंदर पत्थरों को डालकर स्टोन पिचिंग कर रहा है, जिससे तालाब के मूल आकार से छेड़छाड़ के साथ पर्यावरण को नुकसान और प्रदूषण का खतरा है। पर्यावरणविदों का आरोप था कि निगम की तालाब किनारे कॉमर्शियल जमीन तैयार करने की कोशिश है। मामले के तूल पकड़ने के बाद निगम का कहना था कि तालाब के किनारों को मजबूत करने पानी में पत्थरों को डालकर स्टोन पिचिंग की जा रही थी।

#### कांट्रेक्टर बोले-स्टोन पिचिंग रोकी अब केवल सौंदर्यीकरण

कांट्रेक्टर अजय जैन ने बताया कि निगम को नोटिस मिलने के बाद स्टोन पिचिंग रोक दी है। 2500 मीटर में स्टोन पिचिंग होनी थी, लेकिन नोटिस मिलने तक 1000 मीटर तक हुई है। तालाब के रिडेवल्पमेंट से जुडे कार्य जारी है। 6 से 8 माह में तालाब का सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो जाएगा।

#### 7 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान

छोटा तालाब के कायाकल्प के लिए निगम ने 7 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया है। इसमें एक छोटा पार्क, 5 फाउंटेन, बाउंड्रीवाल, पॉथवे, लाईटिंग, कलर व अन्य कार्य होंगे।

### भोपाल रेलवे स्टेशन हादसा...युवक गंभीर घायल, हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज

# चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश...ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच घिसटता गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक यूवक द्वारा जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते हुए पैर फिसलने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। युवक ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जीआरपी के मुताबिक युवक की हालत गंभीर है, यह सीसीटीवी फुटेज 31 मार्च का बताया जा रहा है। वीडियो के पहले ही सेकंड में युवक प्लेटफार्म नंबर 6 पर ट्रेन के साथ चलता नजर आ रहा है। अगले ही सेकंड वह कोच के गेट के साइड हिस्से से टकराता है। करीब 3 सेकंड के भीतर सीधे गेट से टकराकर चलती ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस जाता है। महज 5 सेकंड के अंदर वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच 4 से 5 बार घूम जाता है। इसके बाद अगले 6 सेकंड में वह ट्रेन के नीचे की ओर खिंचता चला जाता है । इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। घटना के तुरंत बाद 108 एंबुलेंस बुलाकर युवक को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया।

### *भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी*


चलती ट्रेन पकड़ने के प्रयास में पटरी और ट्रेन के बीच कुछ इस तरह से फंस गया युवक।

*जीआरपी के अनुसार घटना रात करीब 11:31 बजे हुई। उस समय 19304 भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस स्टेशन से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों और प्राथमिक आकलन के अनुसार ट्रेन की स्पीड करीब 40 किमी प्रति घंटा थी। इसी रफ्तार में युवक के कई बार ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से उसे बेहद गंभीर चोटें आईं। युवक के जेब में रखा मोबाइल फोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका, जिससे पहचान करने में परेशानी हो रही है। जीआरपी एसपी राहुल लोढ़ा ने बताया कि वह उज्जैन का रहने वाला है। गंभीर रूप से घायल हो चुका है। सीसीटीवी फुटेज और प्रारंभिक जांच में किसी तरह की आपराधिक साजिश सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया यह मामला युवक की खुद की लापरवाही का लग रहा है। उसके होश में आने के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

#### अस्पताल में भर्ती कराया गया

इस हादसे में युवक को गंभीर चोट आई है। जिसे सुरक्षा बलों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। अभी वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

नवल अग्रवाल, पीआरओ भोपाल रेल मंडल

## जैकेट का शेष

### धार्मिक नगर उज्जैन...

भारतीय भूगोल के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है, इसे पृथ्वी का मध्य बिंदु माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब पश्चिम में खगोल शास्त्र का ज्ञान नहीं था, तब उज्जैन के ज्योतिषी और विद्वान काल गणना कर नक्षत्रों की स्थिति बता रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' के शुभारंभ सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आए विद्वानों और विशेषज्ञों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण और तारा मंडल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के लिए 4 लेन उज्जैन बाइपास और 'सम्राट विक्रमादित्य- द हेरिटेज' परियोजना का भूमि-पूजन किया। इस मौके पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से मौजूद थे।

### उज्जैन और डोंगला ...

सकता है। आज समय और स्पेस दोनों को एक दूसरे से समेकित रूप से समझने की आवश्यकता है।

### विधानसभा सचिवालय ने...

गए हैं। इस तरह से मप्र विधान सभा में एक स्थान रिक्त हो गया है। कोर्ट से पारित निर्णय के तारतम्य में विधानसभा अध्यक्ष ने रिक्तता संबंधी आदेश जारी किया गया। उक्त जारी आदेश के पालन में 2 अप्रैल 2026 को देर रात मप्र राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### मुरैना में 11 साल...

की तलाश कर रही है। श्योपुर से फसल काटने के लिए परिवार के साथ ही बच्ची भी मुरैना के खाड़ोली गांव आए हुए हैं। पेशे से मजबूर परिवार खेत के पास ही झोपड़ी बनाकर रह रहा था। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह करीब 7-8 बजे के लगभग कार से आए हमलावरों ने बच्चे के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। जिससे उसका गाल और माथा झुलस गया है।

### राजगढ़ में महिला ...

खिलाफ भारतीय न्याय संहित की धारा 64(2), 87 और 351(3) के तहत प्रकरण क्रमांक 100/2026 दर्ज किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आज दिल्ली के रामलीला ...

विरोध दर्ज कराएंगे। फेडरेशन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को टीईटी को अनिवार्य किए जाने के फैसले से देशभर के करीब 20 लाख शिक्षक प्रभावित हुए हैं। संगठन के मुताबिक इस फैसले के कारण कई शिक्षकों की नौकरी पर संकट मंडरा रहा है, जिससे उनमें चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। संगठन का कहना है कि सरकार एक नया कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के प्रभाव को खत्म करे।

### केंद्र की तरह सभी राज्य...

सचिव नीरज मित्तल ने अपने पत्र में कहा कि कुछ क्षेत्रों में अब भी अफवाहें और गलत जानकारी फैल रही है, जिससे लोगों में अनावश्यक डर पैदा हो रहा है और कई जगहों पर घबराहट में खरीदारी (पैनिक बायिंग) देखी जा रही है। मंत्रालय ने राज्यों से अपील की है कि वे संचार व्यवस्था को और मजबूत करें ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे। वर्तमान में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे 17 राज्य/यूटी नियमित या अंतराल पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। केंद्र ने बाकी राज्यों से भी तुरंत इसी तरह के कदम उठाने को कहा है।

### कालाबाजारी पर सख्ती...

*पर्याप्त उपलब्धता और सुचारु वितरण का भरोसा मिल सके और अफवाहों पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही केंद्र ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि इस तरह की गलत गतिविधियों को रोकने के लिए जरूरी कदम लगातार उठाए जाएं।*

### एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन ...

में तेजी आई है। नतीजतन मार्च 2026 से अब तक 3.42 लाख कनेक्शन गैसीफाइड किए गए हैं, जबकि 3.7 लाख नए पंजीकरण हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### आर्मी चीफ और...

हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए।

### पेटेंट दवाओं पर ...

लगेगा। अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका में अपनी मैन्युफैक्चरिंग शिफ्ट नहीं करती, तो उसे यह भारी जुर्माना देना होगा। अमेरिका का मानना है कि उसकी 53% पेटेंट दवाएं विदेशों में बनती हैं, जो इमरजेंसी के समय सप्लाई चेन को ठप कर सकती हैं। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि दवा कंपनियां वापस अमेरिका में अपनी फैक्ट्रियां लगाएं। जो कंपनियां अमेरिका शिफ्ट होने का वादा करेंगी, उन्हें शुरुआत में राहत मिलेगी और उनका टैक्स घटाकर 20% कर दिया जाएगा, जिसे 4 साल में धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा।

### आलोक नागर और ...

आयुक्तों के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था, हालांकि फिलहाल केवल दो पदों पर नियुक्ति की जा रही है। तीसरे पद को लेकर फिलहाल निर्णय नहीं लिया गया। वर्तमान में मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा आयोग में तीन सूचना आयुक्त कार्यरत हैं। सरकार मुख्य सूचना आयुक्त के पद के साथ आयोग में छह अन्य पदों को भरने की तैयारी कर रही है। इस बार सरकार ने सूचना आयुक्त के रूप में किसी पूर्व प्रशासनिक अधिकारी या पत्रकार को नियुक्त नहीं किया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में ...

चल रहे ट्रैक्टर में विनोद पुत्र रंजीत बंजारा (27), लीला(30) पत्नी विनोद बंजारा, केसर (30) पत्नी मेंबर बंजारा और अनिल(7) पुत्र मेंबर बंजारा सवार थे। जब ट्रैक्टर चला रहे विनोद ने ट्रैक्टर सड़क से खेत वाले कच्चे रास्ते पर उतारा, तभी अचानक ट्राली पर लगा लोहे का पोल हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे ट्रैक्टर-ट्राली में करंट आ गया। करंट से विनोद की पत्नी लीला बंजारा के कपड़ों में आग लग गई। इसी दौरान उसकी गोदी में बैठा सात साल का अनिल भी आग की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। वहीं विनोद और अनिल की मां केसर को करंट का तेज झटका लगा, जिससे वे ट्रैक्टर से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सीजेआई ने जनगणना ...

उपलब्धि है, जो नागरिकों को एक सुविधाजनक और पारदर्शी डेटा संग्रह प्रक्रिया प्रदान करती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं जनगणना पूरी की।

### एयरबैग खुलने के...

ठाकरे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पप्पू प्रजापति (23), राजू यादव (26), अभिषेक वडिवा (26) और 14 वर्षीय संगम राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि वाहन के एयरबैग खुलने के बावजूद टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दो युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. RS/444/0760/4801/2026

// इश्तहार //

आवेदक इंदु केवट पत्नि विक्रम केवट निवासी 119/34 शिवाजी नगर, भोपाल द्वारा ग्राम बैरागढ़ चीचली स्थित खसरा नंबर 116/4/2/1 (एस) क्षेत्रफल 600 वर्गफीट 55.76 वर्गमीटर का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक / / 2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक / / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मध्यप्रदेश का दमदार प्रदर्शन, लगी पदकों की झड़ी

# गोल्डन थ्रो से चमके गुलाब, मार्टिना और शांति बेन ने भी पदक जीतकर एथलेटिक्स में दिलाई पहचान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक हासिल कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप एवं 800 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की झोली में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जोड़े। मध्यप्रदेश के खिलाड़ी गुलाब सिंह ने जैवलिन थ्रो स्पर्धा में 62.80 मीटर की शानदार दूरी तय कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में असम के खिलाड़ी प्रमोद को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुलाब सिंह ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन तकनीक, संतुलन और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

### मार्टिना लाकड़ा ने लॉन्ग जंप में जीता रजत पदक

महिला लॉन्ग जंप स्पर्धा में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी मार्टिना लाकड़ा ने 5.47 मीटर की छलांग लगाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने अपनी निरंतरता और सटीक तकनीक से प्रतिस्पर्धा में मजबूती से जगह बनाई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा) भोपाल**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 839/याँ.वि./26 — भोपाल, दिनांक - 2.04.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_496685_1 | Construction of Toilets at Kasturba School Ward 25 Zone 21 | 7,42,720/- | 17 April 2026 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 22/026/027

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम भोपाल

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 128, मण्डल द्वारा श्री कलीम खान आत्मज श्री जहीर उद्दीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 11/11/2015 को पंजीकृत किया गया है। श्री कलीम खान आत्मज श्री जहीर उद्दीन द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) मोहम्मद इरशाद आत्मज श्री शहाबउद्दीन (2) श्रीमती अलीशा जहाँ पत्नी श्री मोहम्मद इरशाद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 01/11/2021 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (1) मोहम्मद इरशाद आत्मज श्री शहाबउद्दीन (2) श्रीमती अलीशा जहाँ पत्नी श्री मोहम्मद इरशाद के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 736/बी मण्डल द्वारा श्री मेहफूज खान आत्मज श्री मेहमूद खान के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 12/02/1988 को पंजीकृत किया गया है। श्री मेहफूज खान आत्मज श्री मेहमूद खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शाहजहाँ पत्नी श्री अब्दुल नासिर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 25/03/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती शाहजहाँ पत्नी श्री अब्दुल नासिर के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/1127 मण्डल द्वारा कुमारी विजया झोडे पुत्री श्री भाउराव झोडे के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29/06/1988 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 25/03/2015 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2043 तक वैध है। कुमारी विजया झोडे का स्वर्गवास दिनांक 15/01/2015 को हो गया है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति की वसीयतनामा दिनांक 31/12/2009 को उनके भाई श्री ओम प्रकाश झोडे के पक्ष में पंजीकृत किया गया है। आवेदक आवंटी के भाई श्री ओम प्रकाश झोडे आत्मज श्री भाउराव नारायणराव झोडे द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड, रिवेएरा टाउन, मेनिट चौराहा, नियर माता मंदिर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक-147 डुप्लेक्स / ट्रिप्लेक्स, फेस-1 मण्डल द्वारा श्री राजेश प्रसाद मिश्रा आत्मज स्व. श्री रमेश प्रसाद मिश्रा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन 28/12/2011 को किया गया है। श्री राजेश प्रसाद मिश्रा का स्वर्गवास दिनांक 08/01/2026 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी व पुत्री (1) श्रीमती निशा मिश्रा पत्नी स्व. श्री राजेश प्रसाद मिश्रा (2) श्रीमती सौम्या मिश्रा पत्नी श्री रसाल द्विवेदी, पुत्री स्व. श्री राजेश प्रसाद मिश्रा द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स भोपाल इंजीनियरिंग, भू-खण्ड क्रमांक-91-बी, सेक्टर-ए, औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, भोपाल में स्थापित एक औद्योगिक इकाई है जिसकी लीजडीड के अनुसार भागीदार 1. श्री आर. स्वामीनाथन 2. श्रीमती आशा स्वामीनाथन 3. श्री एस सुब्रमण्यम थे।
इकाई की एक भागीदार श्रीमती आशा स्वामीनाथन कि दिनांक 24.09.2010 को देहांत होने पश्चात नवीन भागीदारी अनुबंध दिनांक 02.08.2015 अनुसार इकाई में नवीन भागीदार 1. श्री एस श्रीराम 2. श्रीमति एस. ऐश्वर्या, को सम्मिलित किया जाकर लीजडीड में संशोधन किये जाने का निवेदन किया गया।
भागीदारी इकाई मेसर्स भोपाल इंजीनियरिंग, भू-खण्ड क्रमांक- 91-बी, सेक्टर-ए, औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, भोपाल में संशोधित भागदारी डीड दिनांक 02.08.2015 के अनुसार चार भागीदार 1. श्री आर. स्वामीनाथन 2. श्री एस सुब्रमण्यम 3. श्री एस श्रीराम 4. श्रीमति एस. ऐश्वर्या है। उक्तानुसार पट्टाभिलेख में अंतरण/ गठन परिवर्तन किये जाने से यदि किसी जन साधारण, शासकीय/अशासकीय कार्यालय, वित्तीय संस्थान/ बैंक या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ के सामने, होशंगाबाद रोड, भोपाल कार्यालय में ठोस प्रमाण सहित अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।
नियत दिनांक तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर " मध्यप्रदेश एम.एस.एम.ई औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम, 2025 के नियम के तहत इकाई मेसर्स भोपाल इंजीनियरिंग, भू-खण्ड क्रमांक- 91-बी, सेक्टर-ए, औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, भोपाल के प्रकरण में अंतरण/ गठन परिवर्तन की कार्यवाही कर पट्टाभिलेख संशोधित किया जाकर 1. श्री आर. स्वामीनाथन 2. श्री एस सुब्रमण्यम 3. श्री एस श्रीराम 4. श्रीमति एस. ऐश्वर्या का नाम दर्ज कर दिया जावेगा।
नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी और न ही उस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की जावेगी।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, भोपाल.

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड — संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26
not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm

हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें मेहनत से सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृष** — आज स्थिरता और व्यावहारिक सोच का दिन है। करियर में प्रगति के अवसर आएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से शांति मिलेगी। पाचन का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यापार में अच्छे प्रस्ताव आएंगे। छोटी यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**कर्क** — भावनाओं पर नियंत्रण रखें। घरेलू मामलों में सुधार होगा, परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन तनाव न लें।

**सिंह** — नेतृत्व क्षमता दिखाने का उत्तम दिन। कार्यक्षेत्र में तरक्की और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कन्या** — मेहनत और जिम्मेदारियों से भरा दिन। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, सराहना मिलेगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** — संतुलन और सौंदर्य का प्रभाव रहेगा। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, नियमित व्यायाम शामिल करें।

**वृश्चिक** — गहन सोच और रहस्यमयी गतिविधियों का दिन। कार्य में गुप्त सहयोग से लाभ हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य में लापरवाही न करें।


**धनु** — भाग्यशाली दिन साबित होगा। यात्रा या नई योजनाएं सफल होंगी। करियर में उन्नति के योग हैं। आर्थिक सुधार होगा। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**कुंभ** — नए विचार और रचनात्मकता से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ संभव, निवेश सोचकर करें। प्रेम में रोमांच रहेगा।

**मीन** — अंतर्मुखी और भावनात्मक दिन रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में सुधार के संकेत हैं। मानसिक संतुलन बनाए रखें।

## शब्द पहेली - 6185



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6184 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | य | ■ | वी | ■ | रं | ■ | ■ | शै |
| र | ■ | प | र | ब | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ज | वा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6195

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### होंडा ने की 63.69 लाख यूनिट्स की बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. ने मार्च 2026 में कुल 5,49,145 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो मार्च 2025 के मुकाबले 29 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। इस अवधि में 5,12,303 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 36,842 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। मार्च के इस प्रदर्शन ने एचएमएसआई को वित्त वर्ष 2026 को मजबूत स्तर पर समाप्त करने में मदद की। कंपनी ने कुल 63,69,504 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें 57,49,275 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 6,20,229 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

### भीम पेमेंट्स एप ने लांच किया 'माही वे' कैंपेन

**नई दिल्ली।** भीम पेमेंट्स एप ने अपने नए 'माही वे' कैंपेन के लांच की घोषणा की। यह कैंपेन भीम को एक स्पष्ट और भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे यूजर्स तुरंत भुगतान कर सकते हैं। भारत में पैसे के साथ जुड़े भरोसे को दर्शाते हुए, यह कैंपेन भीम एप द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया पर जोर देता है, जिससे नए यूज़र्स सहित सभी में डिजिटल पेमेंट्स के प्रति विश्वास बढ़ता है। यह 360-डिग्री कैंपेन महान क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी को प्रस्तुत करता है, जिनका शांत और भरोसेमंद व्यक्तित्व भीम पेमेंट्स ऐप के अनुभव से मेल खाता है।

### एलजी ने हासिल की 10 लाख एसी की बिक्री

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है। यह माइलस्टोनन केवल एलजीई इंडिया की काम करने की बेहतरीन क्षमता और सप्लाई चेन की तेजी को दिखाती है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, होंग जू जियोन ने कहाकि एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं।

# केंद्र का बड़ा फैसला: पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह माफ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन में आई बाधाओं के बीच केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून 2026 तक पूरी कस्टम ड्यूटी छूट देने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम अस्थायी और लक्षित राहत के तौर पर उठाया गया है, ताकि देश में जरूरी पेट्रोकेमिकल कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे, डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर लागत का दबाव कम हो और सप्लाई स्थिर रह सके। सरकार के अनुसार इस फैसले से प्लास्टिक, पैकेजिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, केमिकल, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सकती है।

**खास बातें**

- इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सकती है
- इस फैसले से घरेलू मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सस्ती इनपुट लागत से राहत मिलेगी
- तैयार माल की कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी




**इन उत्पादों पर मिलेगी छूट**

छूट वाले प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों में एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन, विनाइल क्लोराइड मोनोमर, मेथनॉल, आइसोप्रोपिल अल्कोहल, मोनोएथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) और फिनोल शामिल हैं। इसके अलावा एसिटिक एसिड, विनाइल एसीटेट मोनोमर, प्योरिफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए), अमोनियम नाइट्रेट, एथिलीन के पॉलिमर, एपॉक्सी रेजिन, फॉर्मेल्डिहाइड, यूरिया फॉर्मेल्डिहाइड, मेलामाइन फॉर्मेल्डिहाइड और फिनोल फॉर्मेल्डिहाइड जैसे उत्पाद भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

## एचपी एलपीजी में अनियमितता, 10 डिस्ट्रीब्यूटर को किया सस्पेंड, जीरो-टॉलरेंस नीति को दोहराया

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शुक्रवार को कथित अनियमितताओं के चलते 10 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर को सस्पेंड कर दिया है। कंपनी ने अपने वितरण नेटवर्क में अनियमितताओं के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति को दोहराया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि जिन 10 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर को गड़बड़ी में शामिल पाया गया, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। कंपनी ने अपने बयान में कहाकि जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत हम जवाबदेही सुनिश्चित कर रहे हैं और जहां जरूरत है, वहां समय पर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रहे हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सरकार एलपीजी की उपलब्धता और वितरण से जुड़ी अनियमितताओं और अफवाहों पर काबू पाने के लिए सक्रिय हो गई है। सरकार ने अधिकारियों से यह भी कहा है कि वे जमाखोरी और कालाबाजारी जैसी गड़बड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। एचपीसीएल ने यह भी कहा कि उसकी प्राथमिकता उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना, पारदर्शिता बनाए रखना और भरोसेमंद सेवाएं देना है। कंपनी ने कहा कि डीलरों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों को उसने गंभीरता से लिया है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महासंघ दुग्ध उत्पादकों से निरंतर संवाद स्थापित करने में नहीं हो पा रहा सफल

# पुरानी व्यवस्थाएं-प्रबंधन नया, संभालने में पसीना आ रहा, एनडीडीबी के अधीन सांची डेयरी महासंघ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में सांची डेयरी का संचालन करीब सालभर से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अधीन है, लेकिन पुरानी व्यवस्था और नया प्रबंधन के बीच समन्वय न बन पाने के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। 14 अप्रैल 2025 से प्रदेश के सभी दुग्ध संघों का प्रबंधन एनडीडीबी को सौंपा गया है, जिसके बाद से ही पुरानी कार्यप्रणाली और आधुनिक प्रबंधन के बीच संघर्ष देखने को मिल रहा है। एनडीडीबी के आने के बाद भी सांची की पुरानी कार्यशैली, स्थानीय कर्मचारी और पुरानी मशीनरी के कारण काम को नए तरीके से ढालने में दिक्कत आ रही है। नए प्रबंधन को जमीनी स्तर पर समन्वय स्थापित करने में पसीना आ रहा है।

> विशेषकर ग्वालियर-चंबल और उज्जैन अंचल में लोकप्रियता में गिरावट आनी शुरू



मध्य प्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन

**निजी डेयरी संचालकों ने दूध खरीदी के बढ़ाए दाम**

मध्यप्रदेश में संचालित डेयरी संचालकों ने दुग्ध प्रदायकों से दूध खरीदी के रेट बढाकर दूध खरीदना प्रारंभ कर दिया है और मंहगे दरों पर दूध लोगों के घरों तक पहुंचाने का काम भी पहले की तरह संभालकर भी रखा है। तो वहीं सांची न ही दुग्ध प्रदायकों को पट्रोल-डीजल की बढती कीमतों से पशु आहार परिवहन की बढ़ती कीमतों के मद्दे नजर दूध खरीदी के रेट नहीं बढ़ा रहा है जिससे दुग्ध उत्पादक सांची से किनारा काटते हुए नजर आने लगे है। अगर समय रहते दूध खरीदी के रेट नहीं बढाए गए तो आने वाले समय में दुग्ध उत्पादक सांची परिवार से अपनी दूरी बनाकर निजी डेयरियों के परिवार से जुड़कर अपना फायदा लेते हुए नजर आएंगे।

### पुरानी कार्यप्रणाली और आधुनिक प्रबंधन के बीच संघर्ष, निजी डेयरियों को दूध बेचने को दे रहे तरजीह

जानकारी के अनुसार जमीनी स्तर पर महासंघ द्वारा समन्वय स्थापित नहीं कर पाने की बतौलत सांची की लोकप्रियता में गिरावट आनी शुरू हो गई है। विशेषकर ग्वालियर-चंबल और उज्जैन अंचल में। किसान अब सांची की जगह निजी डेयरियों को दूध बेचने को तरजीह दे रहे हैं क्योंकि सांची की ओर से भुगतान में देरी हो रही है। सांची दुग्ध संघ पर किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान बकाया है। निजी व्यापारियों के मुकाबले सांची द्वारा दूध क्रय दर कम कर दी गई है, जिससे किसानों में नाराजगी है। गौरतलब है कि एनडीडीबी का उद्देश्य 5 वर्षों में दूध उत्पादन को दोगुना करना और सांची को अमूल की तरह एक ग्लोबल ब्रांड था । हालाँकि, अभी के लिए इसे वेट एंड वॉच (देखो और इंतजार करो) की स्थिति माना जा रहा है। प्रबंधन से जुड़े लोगों की माने तो सांची डेयरी प्रबंधन की कमान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) को सौंपे गए जाने के बाद बोर्ड प्रबंधन की मनमानी और कुछ फैसलों के कारण दुग्ध उत्पादकों व प्रबंधन के बीच विरोध की स्थिति बन गई। अपनी कई मांगों को लेकर संभाग के हजारों दुग्ध उत्पादक किसान अब दुग्ध संघ को दूध की सप्लाई रोकने को तैयार हैं। इंदौर दुग्ध संघ (सांची) का वितरण मैनेजमेंट पहली बार बाधित रहा। आज सुबहइंदौर से 60 किलोमीटर दूर धार सुबह दूध नहीं पहुंचा और धार जैसे बड़े शहर में सांची का दूध वितरित नहीं हो पाया। यही नहीं प्रबंधन के लोगों से किसान भी बड़ी संख्या नाराज चल रहे हैं। इंदौर दुग्ध संघ (सांची) का वितरण मैनेजमेंट बाधित चल रहा है। इंदौर से 60 किलोमीटर दूर धार में दूध की किल्लत है। जिससे सांची का दूध वितरित नहीं हो पाया। जो प्रदर्शित कर रहा है कि प्रबंधन के लोगों से किसान बड़ी संख्या नाराज चल रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्रबंधन उन्हें सही से पेमेंट नहीं कर रहा और जो पेमेंट करता भी है तो उसमें लेट भी होता है। कई बार अनावश्यक पेमेंट काट लिया जाता है, जिसकी जानकारी उन तक नहीं पहुंच पा रही है।

### इस्पात उद्योग को मजबूती प्रदान कर रहा एनएमडीसी

# एनएमडीसी ने 53 एमटी टन उत्पादन के साथ रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हैदराबाद

एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2026 में 53 एमटी लौह अयस्क के उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत के खनन इतिहास में 50 एमटी वार्षिक उत्पादन के लक्ष्य को पार करने वाली प्रथम कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि संख्यात्मक उपलब्धि से आगे है, जो भारत के खनिज क्षेत्र की बढ़ती ताकत और गति का प्रतीक है।



एनएमडीसी निरंतर देश की लौह अयस्क आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा अपने इस्पात उद्योग की आधारशिला को मजबूती प्रदान कर रहा है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 51 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की असाधारण वृद्धि के साथ मार्च 2026 माह में 5.35 एमटी लौह अयस्क का उत्पादन किया तथा 5.90 एमटी लौह अयस्क की बिक्री की। कुल उत्पादन परिणाम 21 प्रतिशत की अद्भुत वृद्धि के साथ 53.15 एम टी तक पहुंच गया तथा बिक्री 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50.23 एमटी तक पहुंच गई, जो स्थापना के बाद से इसका अब तक का सर्वोत्तम मात्रा है। एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खदानों - छत्तीसगढ़ में किरंदुल तथा बचेली एवं कर्नाटक में दोणिमलै के मजबूत प्रदर्शन से रिकॉर्ड उत्पादन हुआ, जिसने कंपनी के इतिहास में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कर दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर, अमिताभ मुखर्जी सीएमडी, एनएमडीसी ने कहा कि 50 एमटी उत्पादन को पार करना एनएमडीसी के लिए केवल उत्पादन का मील का पत्थर नहीं है, यह हमारे तथा भारत के खनन क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। इंफ्रास्ट्रकचर के विकास के साथ जैसे-जैसे भारत की इस्पात की मांग तेजी से बढ़ रही है, एनएमडीसी पहले से कहीं अधिक मजबूत, व्यापक तथा अधिक भविष्य-ध्यान केंद्रित है। इस ऐतिहासिक मील के पत्थर के आधार पर, कंपनी नई खनन परियोजनाओं, क्षमता वृद्धि एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के माध्यम से 2030 तक 100+ मीट्रिक टन से अधिक लौह अयस्क उत्पादन क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ अपने विस्तार रोडमैप को तेज कर रही है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के साथ निकटता से जुड़कर, एनएमडीसी स्वयं को भारत के दीर्घकालिक आर्थिक विकास के प्रमुख प्रचालक के रूप में स्थापित कर रहा है, जो कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिजनेस न्यूज


### सिस्टेक में एनुअल टेक्नो कल्चरल फेस्ट सागर फिएस्टा 2026 का आयोजन

**भोपाल।** सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी गांधी नगर कैंपस ने अपने एनुअल टेक्नो कल्चरल फेस्ट सागर फिएस्टा 2026 के 19वें संस्करण का भव्य आयोजन किया। दो दिवसीय फेस्ट रुट्स-टू-राइज़ की थीम पर आयोजित हुआ। सागर फिएस्टा 2026 में स्टूडेंट्स ने तकनीकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक रोमांचक प्रस्तुति पेश की जिसमें उन्होंने सस्टेनेबिल विकास की थीम पर प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और 3 लाख तक के पुरस्कार भी जीते। सागर फिएस्टा 2026 की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रमुख आकर्षणों मे नीनाद एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीत प्रतियोगिता रही जिसमें भावपूर्ण आवाजों और लयबद्ध धुनों को स्टूडेंट्स ने रेट्रो-टू-न्यू की थीम से प्रस्तुत किया। सागर फिएस्टा 2026 के प्रमुख आकर्षणों मे रनवे फेम फैशन-शो रहा जो भारतीय संस्कृति की थीम पर प्रस्तुत किया गया और स्टेट्मेंट भी बना। सागर फिएस्टा 2026 का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एससी चौबे, आरजीपीवी के कुलगुरु ने किया। जिसमें सागर ग्रुप के संस्थापक व चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य आकर्षण सागर तेजोमय पुरस्कार रहा, जो सतत विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए भोपाल नगर निगम, एकलव्य फाउंडेशन, नैट्रैक्स इंदौर और ओमेगा रिंक बेयरिंग्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान किया गया। जिसे क्रमशः भोपाल के महापौर मालती राय, शिक्षाविद तुलतुल बिस्वास, डाइरेक्टर डॉ. मनीष जायसवाल और सह-संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील प्रकाश ने ग्रहण किया। सागर फिएस्टा 2026 में शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए 129 से अधिक स्टूडेंट्स को योग्यता प्रमाण पत्र के साथ सागर रत्न पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल मैनेजिंग डायरेक्टर सागर ग्रुप ने कहाकि सागर फिएस्टा के सफल आयोजन के लिए टीम सिस्टेक को बधाई । हमारे फेंस्ट छात्रों को सामाजिक, तकनीकी कौशल और प्रतिस्पर्धी से विकसित करते है और उन्हें सशक्त बनाते हैं।




### टैफे ट्रैक्टर्स ने वित्तवर्ष 2026 में 214,000 ट्रैक्टरों की बिक्री का इतिहास रचा

**मुंबई ।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे), विश्व की एक अग्रणी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी और भारत की दूसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी, ने वित्त वर्ष 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन की घोषणा की है। इस वर्ष कंपनी ने लगभग 2,14,951 ट्रैक्टर यूनिट्स की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। टैफे ने मार्च 2026 में 37.4 फीसदी की वृद्धि के साथ शानदार तरीके से इस वित्त वर्ष का समापन किया, यह आंकड़ा इस माह के लिए घरेलू उद्योग की 29 फीसदी की वृद्धि के मुकाबले कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कंपनी ने घरेलू बिक्री के क्षेत्र में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि का रिकॉर्ड बनाया, कंपनी के दोनों ब्रांड्स मैसी फ़र्ग्यूसन और आइशर ट्रैक्टर्स ने बंपर बिक्री दर्ज की। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 12,584 ट्रैक्टरों के निर्यात के साथ ही टैफे ने निर्यात खंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया। टैफे की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. लक्ष्मी वेणु ने कहाकि यह वर्ष ट्रैक्टर बाजार और देश के किसानों दोनों के लिए अत्यंत आशाजनक रहा है। अच्छी बारिश और सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती के कदम से कृषि क्षेत्र को काफी राहत मिली है।



### एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता बनी

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वह 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। जीएसएमए यह एक वैश्विक व्यापारिक निकाय है जो मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों और मोबाइल इकोसिस्टम में मौजूद कंपनियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। यह प्रौद्योगिकी, पॉलिसी और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए भी काम करता है। एयरटेल ने जीएसएमए इंटेलिजेंस के आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि मोबाइल ग्राहक आधार के मामले में भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है, और इसका परिचालन भारत और अफ्रीका में फैला हुआ है। 2026 के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारती एयरटेल करीब 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। इसमें भारत के अलावा 14 अफ्रीकी देशों में भी इसकी मजबूत मौजूदगी शामिल है। एयरटेल ने कहा कि भारत में उसके 368 मिलियन से अधिक मोबाइल ग्राहक हैं और अफ्रीका के 14 देशों में 179 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं।

### स्मार्ट ऋण और एलएपी जैसे सिक्योर्ड ऋण बन गया वित्तीय साधन : नीरज

**नई दिल्ली।** भारत में क्रेडिट का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है यह अब केवल मजबूरी में ली जाने वाली मदद नहीं, बल्कि एक उद्देश्यपूर्ण वित्तीय साधन बन गया है। भारतीय मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं के साथ चाहे वह उच्च शिक्षा के लिए हो, छोटे व्यवसाय की स्थापना या विस्तार के लिए हो, या फिर मेडिकल इमरजेंसी के प्रबंधन के लिए लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी (एलएपी) जैसे सुरक्षित ऋण विकल्प एक जिम्मेदार, व्यवस्थित और सुलभ समाधान के रूप में उभर रहे हैं। यह बात होम क्रेडिट इंडिया लोन अगेंस्ट प्रापर्टी, हेड ऑफ बिजनेस, नीरज जैन ने कही। उनके अनुसार लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी' एक सिक्योर्ड ऋण है, जो पूरी तरह से आपके स्वामित्व वाली और पंजीकृत आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति के बदले दिया जाता है। होम लोन के विपरीत, जो विशेष रूप से घर खरीदने के लिए होता है और आयकर अधिनियम की धारा 24 और 80सी के तहत कर लाभ प्रदान करता है, एलएपी ऋण लेने वालों को उनकी मौजूदा संपत्ति की वैल्यू का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।



### एक्सिस बैंक ने मोबाइल नंबर अपडेट के लिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन की सुविधा शुरू की

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप पर 'आधार फेस ऑथेंटिकेशन' के जरिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अपडेट करने की नई सुविधा शुरू की है। इस पहल के साथ, एक्सिस बैंक देश के बड़े बैंकों में पहला बन गया है जिसने यूआइडीएआई की इस फेस ऑथेंटिकेशन सेवा को ग्राहकों के लिए पूरी तरह डिजिटल और खुद करने वाली प्रक्रिया के रूप में पेश किया है। यह नई सुविधा ग्राहकों को कभी भी और कहीं से भी अपना मोबाइल नंबर डिजिटल तरीके से अपडेट करने की आज़ादी देती है। यह तीन आसान स्टेप्स वाली एक सुरक्षित प्रक्रिया है।

### उद्यमियों ने सरकार से मांगा विशेष राहत पैकेज

# न गैस सिलेंडर, न कच्चा माल... उद्यमियों का बुरा हाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

ईरान-इजराइल युद्ध का देशभर के औद्योगिक क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ रहा है। राजधानी भोपाल के गोविन्दपुरा, बगरोदा,मंडीदीप, पीथमपुर सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। कच्चे माल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि, कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी और ट्रांजिट टाइम बढ़ने से यहां की इंडस्ट्री गंभीर संकट से गुजर रही है। मंडीदीप इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहाकि वैश्विक परिस्थितियों व सप्लाई बाधाओं के कारण निर्यात में लगभग 15-70 फीसदी की कमी आ गई है। जिस कारण लगभग 2,500–3,700 करोड़ के निर्यात प्रभावित हुआ। गैस की किल्लत से औद्योगिक घराने में उत्पादन प्रक्रिया धीमा है इससे लगभग 4,000–8,000 श्रमिकों के काम के दिनों और आय पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहाकि इंडस्ट्री में कच्चा माल 25 से 30 प्रतिशत तक महंगा हो गया है। स्पेशलाइज्ड लेबर बाहर से आती है, लेकिन गैस सिलेंडर न मिलने से मजदूर खाना नहीं बना पा रहे और वापस लौट रहे हैं। सिलेंडर की किल्लत इतनी है कि ब्लैक में भी उपलब्ध नहीं है।


राजीव अग्रवाल



**उद्यमियों ने मुख्यमंत्री से मांगी मदद**

पीथमपुर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम कोठारी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से विशेष पैकेज की मांग की है। उनका कहना है कि जिस तरह प्राकृतिक आपदा में किसानों को राहत दी जाती है, उसी तरह उद्योगों को भी विशेष सहायता दी जाए, ताकि फैक्ट्रियां बंद होने से बच सकें और रोजगार व राजस्व दोनों सुरक्षित रहे।


गौतम कोठारी

**वर्तमान हालात में 50 प्रतिशत इंडस्ट्री महज 10 से 20 प्रतिशत क्षमता पर चल रही**

गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित उद्यमी योगेश गोयल का कहना है कि गोविन्दपुरा में करीब 1000 इंडस्ट्री हैं। वर्तमान हालात में 50 प्रतिशत इंडस्ट्री महज 10 से 20 प्रतिशत क्षमता पर चल रही हैं, 30 प्रतिशत इंडस्ट्री 50 से 60 प्रतिशत क्षमता पर और केवल 20 प्रतिशत इंडस्ट्री 80 प्रतिशत क्षमता तक काम कर पा रही हैं। किसी के पास रॉ मटेरियल नहीं है, किसी के पास लेबर की कमी है तो किसी के पास गैस सिलेंडर नहीं है।


योगेश गोयल

**प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित**

उद्यमियों के अनुसार मसाला, रोलिंग मिल, बिस्किट, प्लास्टिक, पैकेजिंग, एक्सपोर्ट और फूड इंडस्ट्री समेत विभिन्न इकाइयां संचालित होती हैं। प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां 100 रुपए का कच्चा माल 180 रुपए तक पहुंच गया है। उद्योगपतियों का कहना है कि जब तक गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति और कच्चे माल की कीमतों में स्थिरता नहीं आती, तब तक हालात सामान्य नहीं होंगे। गोविन्दपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौर ने प्रशासन से मांग की है कि टैक्स और रिकवरी टारगेट स्थगित करने, हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स, बिजली बिल और जीएसटी में राहत दी जाए।


विजय गौर

## करदाताओं को राहत, विभाग ने एआई असिस्टेंट 'कर साथी' के साथ लांच की नई वेबसाइट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को अब पहले से कहीं अधिक आसान और पारदर्शी बनाने की पहल की है। इसके लिए गुरुवार को विभाग ने अपनी नई वेबसाइट लॉन्च की। इस आधुनिक पोर्टल की सबसे बड़ी खासियत इसका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित असिस्टेंट कर साथी है।

यह नया तकनीकी कदम आम करदाताओं को टैक्स से जुड़ी उलझनों से बचाने और त्वरित समाधान मुहैया कराने के लिए उठाया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल के अनुसार विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट साझा कर इस नए पोर्टल की जानकारी दी। विभाग के अनुसार, नई वेबसाइट को समावेशी और अत्यधिक यूजर-फ्रेंडली बनाया गया है। आधिक जानकारी के साथ टैब्सः अधिक जानकारी दर्शाने वाले डिजाइन और स्मार्ट नेविगेशन के साथ, पोर्टल पर 'कर कानून और नियम', 'कर की जानकारी एवं सेवाएं' और 'टैक्स ई-सर्विसेज' के यूनिफाइड टैब दिए गए हैं। इससे यूजर्स को सारी जानकारी भटकने के बजाय एक ही स्थान पर मिल जाएगी।



# रिकवरी एजेंट ने को-ऑपरेटिव बैंक को लगाया 41 लाख 94 हजार रुपए का चूना

**वसूली के बाद बैंक में जमा नहीं किए रुपए, खुद ही हड़प लिए, अमानत में खयानत का मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में भोपाल को-ऑपरेटिव बैंक के लिए किश्त वसूलने वाले तीन रिकवरी एजेंट ने बैंक को 41 लाख 94 हजार रुपए की चपत लगा दी। तीनों रिकवरी एजेंट ने छुट्टी के दिन गांव में घूमकर वसूली की और पैसे बैंक में जमा न करते हुए खुद ही रख लिए। पुलिस ने अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार भोपाल को-ऑपरेटिव बैंक के अधिकारी रामचरण सिलावट ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत में बताया गया कि बैंक द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद-बीज खरीदने के लिए ऋण दिया जाता है। इस ऋण की वसूली के लिए मनोज कुमार और नरेश नामक युवकों को रखा था। दोनों वसूली करने के बाद बैंक में पैसा जमा करते थे। पिछले दिनों छुट्टी होने के बावजूद उन्होंने गांवों में जाकर किसानों से ऋण की वसूली की थी, जबकि बैंक प्रबंधन ने छुट्टी वाले दिनों में वसूली करने से मना किया था। अगले दिन जब रकम का लेखा-जोखा देखा गया तो पता चला कि 41 लाख 94 हजार रुपए की वसूली तो की गई है, लेकिन यह रकम बैंक में जमा नहीं गई है। बैंक की ओर से जब पूछताछ की गई तो कर्मचारियों ने बताया कि वे वसूली कर जो पैसे लाए थे वह उन्होंने गांव की सहकारी समिति के कार्यालय में रख दिए थे। अगले दिन सुबह जब वे वहां पर पहुंचे तो पूरी रकम चोरी हो चुकी थी। आगे की तस्दीक में उनकी यह कहानी भी झूठी पाई गई। पता चला चला कि मनोज और नरेश ने चौकीदार मुकेश के साथ मिलकर चोरी की कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मनोज, नरेश और मुकेश के खिलाफ गबन का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**पूरी रकम चोरी होने की गढ़ी थी झूठी कहानी पुलिस की जांच में सामने आई सच्चाई**

## गांधी नगर एयरपोर्ट रोड के पास हुआ हादसा

# कार की टक्कर से निगम का कचरा वाहन पलटा, सफाई कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के गांधी नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से नगर निगम का कचरा वाहन पलट गया, जिससे उसमें सवार कई सफाईकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार हादसा एयरपोर्ट रोड के पास हुआ, जब कचरा वाहन चालक सोहेल खान, निवासी करबला रोड कोहेफिजा, महिला सफाइकर्मियों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार सफेद सेडान कार ने वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कचरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सहित कई सफाईकर्मियों को चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच भी की जा रही है।

## चलते ऑटो से उतरते समय गिरा युवक, मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित उत्सव मैरिज गार्डन के पास गत 1 अप्रैल की रात एक युवक चलते ऑटो से उतरते समय गिर गया। उसे इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। वहां दो दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आकाश रजक पिता रमेश रजक (26) त्यौंदा, जिला विदिशा का था। गत 1 अप्रैल की रात वह भोपाल आया था और आटो से मिसरोद इलाके पहुंचा था। वह शराब के नशे में था। उत्सव मैरिज गार्डन के पास आकाश चलते आटो से उतर गया। चलते आटो से उतरने के कारण वह लड़खड़ाकर गिरा था, जिससे उसे कान के पास और सिर सहित पैरों में गंभीर चोट थी। उसे एम्स ले जाया गया। एम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### नए थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने संभाला कार्यभार

**नजीराबाद।** स्थानीय पुलिस थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में दुर्जन सिंह बरकडे ने अपना पदभार ग्रहण कर सर्वप्रथम मां अंजनी धाम पर माथा टेक क्षेत्र के विकास एवं खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना का आशीर्वाद लिया। पदभार संभालते ही थाना परिसर में उन्हें बधाई देने वालों का ताता लग गया। नवागत थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकडे ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर अब नकेल कसी जाएगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सड़क से निकली रॉड से लोग हो रहे घायल



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 में नीरज चावला की दुकान के सामने सड़क की गिट्टियां उखड़ जाने से से उसमें लगी लोहे की राड बाहर आ गई है, जिससे लोगों उसमें उलझ कर गिरके घायल हो रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व पार्षद व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित उस राड में उलझ गए और उनके पैर में चोट आ गई। आशीष दीक्षित ने नीरज चावल से कहा कि आपकी दुकान पर वार्ड 13 के पार्षद मनोज चौरसिया प्रतिदिन घंटों खड़े रहते हैं उनको यह राड दिखाओ जिससे सड़क की मरम्मत की जा सके और लोग घायल होने से बच सकें।

### शिविर में 346 विद्यार्थियों और अभिभावकों की आंखों की हुई जांच



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा प्रज्ञा सागर स्कूल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 346 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की आंखों की जांच हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा व सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय न्यायाधीश मीनू पचौरी दुबे, एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे भी उपस्थित थे। शिविर में 10 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई।

### नगर में तेजी से चल रहा सट्टा कारोबार

**औबेदुल्लागंज।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होने से नगर में अवैध सट्टा कारोबार तेजी चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से शांत पड़े सटोरिए अब पूरी तरह सक्रिय हो चुके हैं और अपने नेटवर्क को दोबारा खड़ा करने में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि इस बार सटोरिए पहले से ज्यादा सतर्क हैं। पूरा खेल मोबाइल एप, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए चल रहा है, जिससे पुलिस से बचा जा सके। स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे एजेंट बनाए जा रहे हैं, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क कर रहे हैं।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1650 | | |
| दिन: | 889 | 50 | 370 |
| रात: | 670 | 38 | 350 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 246 | 25 | 230 |
| रात: | 146 | 11 | 137 |

## चाकू की नोक पर नगदी, मोबाइल और बाइक की चाबी लेकर हुए फरार

# भेल के खंडहरनुमा क्वार्टर में शराब पी रहे युवकों से बदमाश ने चाकू अड़ाकर की लूट

**आरोपी के साथी ने बनाया वीडियो, सोशल मीडिया पर किया वायरल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित भेल के खंडहरनुमा क्वार्टर में दो युवकों से लूट का मामला सामने आया है। लूट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक बदमाश हाथ में चाकू लिए खड़ा है और दो युवक नीचे बैठकर शराब पी रहे हैं उनसे पैसे और मोबाइल सहित बाइक की चाबी लेने के लिए अड़ीबाजी करते हुए नजर आ रहा है। लूट का वीडियो वायरल होने के बाद गोविंदपुरा पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस के अनुसार सौरभ मीणा अशोका गार्डन में रहता है। वह अपने साथी के साथ शराब पीने के लिए भेल के खंडहरनुमा क्वार्टर में गया था। दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच दो बदमाश क्वार्टर में घुस आए। एक के हाथ में बड़ा चाकू था। घुसते ही वह धमकाने लगा। गाली-गलौज करते हुए कहना लगा कि जेब में जो भी कुछ है निकालकर दो। युवकों ने उनकी बातों का विरोध किया तो बदमाश ने चाकू के धारदार हिस्से की दूसरी तरफ से युवक को मारा, जिससे युवकों को चोट नहीं आई, लेकिन वह डर गए। घटना के समय बदमाश के साथ आया साथी पीछे खड़े रहकर मोबाइल पर वीडियो बना रहा था। आरोपियों ने सौरभ मीणा और उसके साथी की जेब से नगदी, मोबाइल निकाल लिए। इसके बाद बाइक की चाबी मांगी और निकल गए।



भेल के खंडहरनुमा क्वार्टर में शराब पी रहे युवकों से अड़ीबाजी करता बदमाश।



चाकू की नोट पर युवक का सामान छीनता हुआ बदमाश।

### बदनामी के डर से नहीं की शिकायत

घटना के समय सौरभ मीणा अपने साथी के साथ शराब पीने भेल के खंडहरनुमा मकान में पहुंचे थे। उनके साथ हुई लूट की शिकायत उन्होंने पुलिस को नहीं की। दरअसल, उन्हें बदनामी का डर था। हालांकि बाद में जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो पुलिस ने खुद ही संज्ञान लेते हुए फरियादी से संपर्क किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### मारपीट और अड़ीबाजी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। हनुमानगंज पुलिस ने छोला रोड कलारी के पास युवक से एक हजार रुपए की अड़ीबाजी करते हुए मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी निगरानी बदमाश है और उस पर पूर्व में मारपीट, अड़ीबाजी, चोरी सहित 29 अपराध दर्ज है। पुलिस के अनुसार अमित मेहरा उर्फ झंडू (40) विशाल शादी हाल के पीछे सुभाष नगर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 26 मार्च को वह अपने भाई राहुल मेहरा और शनिनाथ के साथ घर जा रहा था। छोला रोड कलारी के पास रात करीब दस बजे उसे नाना उर्फ सोहेल मिल गया। उसने शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए मांगे। रुपए नहीं होने के कारण अमित मेहरा ने उसे मना कर दिया। इस पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए अपने पास रखी छुरी से हमला कर दिया। पुलिस ने अमित मेहरा की शिकायत पर आरोपी सोहेल उर्फ नाना पिता सलीम खान (28) ढुलीचंद का बाग, फूटा मकबरा छोला रोड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अड़ीबाजी ओर चाकूबाजी की घटना स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोहेल उर्फ नाना इलाके का निगरानी बदमाश है। उस पर पूर्व में 29 अपराध दर्ज है।

## नाहर स्पिनिंग मिल्स की बड़ी लापरवाही

# 25 फीट की ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर की गिरने से हुई मौत




**परिजनों ने कंपनी के गेट पर शव रख किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के उद्योगों में आए दिन मजदूरों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। धागा बनाने वाली नाहर स्पिनिंग मिल्स में गुरुवार को 25 फीट ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर के गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।

प्रबंधक ने आनन-फानन में नगर के एक निजी अस्पताल पर युवक को पहुंचाया, वहां से एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम ताराचंद पिता बद्री प्रसाद (45) निवासी साराकीय का है। ताराचंद वर्ष 2010 से कंपनी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर काम कर रहा था। परिजन शुक्रवार को कंपनी गेट पर शव रख कर प्रबन्धक के खिलाफ नारेबाजी की, जिसको लेकर पुलिस और प्रशासन के समझौते के बाद प्रबन्धक ने मृतक के परिजनों को 13 लाख की सहायता राशि का चेक भेंट किया।

**नहीं थम रहा मौत का सिलसिला, दो साल में 6 से अधिक मजदूर की हुई मौत**

आए दिन बढ़ रहा मौत का ग्राफ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाहर स्पिनिंग मिल्स में साल दर साल मजदूरों के मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा। पिछले दो साल में 6 मजदूरों की मौत हो चुकी है। पिछले तीन माह पहले एक युवती की मौत हुई थी। एक वर्ष पहले भी मजदूर की बिना सुरक्षा उपकरण के कारण मौत हो गई थी। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग नहीं करती कार्रवाई नगर में एक दर्जन से ज्यादा बड़ी इंडस्ट्रीज है, जिसमें कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है, लेकिन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की तरफ से इन कंपनियों में सुरक्षा उपरणों की जांच नहीं करती। कंपनियां सुरक्षा उपकरण का बिना इस्तेमाल कर कर्मचारी से काम कराती है, जिससे आए दिन कंपनी में मजदूरों के मौत का ग्राफ बढ़ रहा।

## विधायक खत्री ने दी बड़ी सौगात

# बैरसिया में 8.58 करोड़ से बनेगा भव्य खेल स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री के अथक प्रयासों से खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बैरसिया में एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 8 करोड़ 58 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। विधायक खत्री पिछले लंबे समय से क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के लिए इस स्टेडियम की मांग कर रहे थे। इस स्वीकृति के बाद अब क्षेत्र के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में मिल सकेंगी।

इस सौगात के बाद शुक्रवार को स्थानीय खेल प्रेमियों ने बैरसिया के रेस्ट हाउस में विधायक विष्णु खत्री का ढोल, आतिशबाजी के साथ पुष्प माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। स्टेडियम में आधुनिक रनिंग ट्रैक, खेल मैदान, दर्शकों के बैठने की गैलरी और खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम जैसी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस अवसर पर विधायक खत्री ने कहा, बैरसिया के युवाओं में अपार प्रतिभा है, बस उन्हें सही संसाधनों की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री और खेल मंत्री के सहयोग से यह स्टेडियम अब हकीकत बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब टेंडर सहित अन्य प्रक्रियाओं में करीब 8-10 महीने में काम शुरू हो जाएगा।



## भाजपा के आजीवन सहयोग निधि का चेक डॉ. नागर को सौंपा

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के 'आजीवन सहयोग निधि 2026' अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज में भाजपा कार्यकर्ता नमिता बागिश अग्रवाल और सना आमिर ममनून ने आजीवन सहयोग निधि का चेक मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर को समर्पित किया। संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा का यह प्रेरक उदाहरण है।





# प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट बनने पर नमिता बागिश को शिवराज और पटवा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज की उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल को मध्यप्रदेश मीडिया विभाग में प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट के रूप में दायित्व प्राप्त हुआ। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक सुरेंद्र पटवा ने उन्हें बधाई दी है।

नमिता बागिश अग्रवाल का नाम मीडिया पैनलिस्ट बनने की सूची में आते ही नगर परिषद सहित पुरे नगर मे खुशी की लहर है। नमिता बागिश अग्रवाल को वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, विधायक अजय विश्नोई, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र बबलू अग्रवाल, मंडीदीप नपा अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह गिल्ल, नरेंद्र शर्मा, डॉक्टर कैलाश विनय, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, आरती यादव, विद्या अग्रवाल, राजकुमारी मित्तल, माया राय, पूर्व पार्षद मीना जैन, रेखा कपूर, सपना रैकवार, पूजा लोधी, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता चौरसिया, रवि कमल, पंकज कोठारी, अंकित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मनोज चौरसिया, माधव यादव, दीपू परमार, पवनजोत सिंह, व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ, वैश्य समाज ने स्वागत कर बधाई दी।





## श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का किया पाठ, भंडारे में बड़ी संख्या में उमड़े भक्त

# औबेदुल्लागंज में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव... निकाली भव्य शोभायात्रा आकर्षक आतिशबाजी, काली जी की झांकी, लेजर शो, घोड़े रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हनुमान जी के जन्मोत्सव का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, आरती एवं भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को गौहरगंज रोड मड़िया से भव्य शोभायात्रा का निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड स्थित इच्छा पूर्ति हनुमान मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में आकर्षक आतिशबाजी, काली जी की झांकी, लेजर शो, घोड़े, अखाड़े के हैरतअंगेज प्रदर्शन, गोरिल्ला एवं फायर शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वर्गीय विजय कोठारी की स्मृति में उनके पुत्र मीडिया प्रभारी, पंकज कोठारी ने बूंदी और ठंडाई का वितरण किया। नगर में बहावलपुरी समाज हिंदू उत्सव समिति एवं श्री राम हिंदू उत्सव समिति, व्यापारी महासंघ, किराना व्यापार संघ, धाकड़ समाज, कलर कलचुरी समाज, अग्रवाल वैश्य समाज, विद्या अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल ने प्रसाद वितरण किया। सिंधी समाज के रमेश वासवानी, भूरा आडवाणी, माधव वासवानी, रमेश मेघानी, दौलत वासवानी, विजय नीरज आदि ने स्वागत किया। इस पूरे आयोजन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे।




हनुमान जन्म उत्सव पर निकली शोभायात्रा में नृत्य करते श्रद्धालु।




हनुमान जन्म उत्सव पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### महिला मंडल ने किया शरबत का वितरण

जिला महिला मंडल एवं वैश्य समाज महिलाओं ने हनुमान जन्मोत्सव पर शरबत वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, सर्राफा संघ अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, निशा सलोनी, नक्षत्र ऋणी आदि ने सहयोग किया।



### रेलवे फाटक हनुमान मंदिर में भंडारा बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

रेलवे फाटक स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान के साथ हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में राजेंद्र गुड्डू साहू, पंचू पांडे, अंकित कहार, मुकेश कहार, भगवान दास लोधी, माखन सेन, शुभम सेन, अजय साहूर सुमित साहू, त्रिवेणी जायसवाल, नरेंद्र नागर, हरिओम खत्री, रूपेश लोधी, गंगाराम साहू, राकेश कहार, नितिन सेन, सोनू गौड़, धर्मेंद्र चौरसिया, उत्तम नागर, रमेश गौर, पंकज शर्मा आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।



# रंगश्री लिटिल बैले में मंचन, पत्नी के विश्वासघात के बाद खुद से ही करने लगता है बातें...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ 000

युवा अनुवाद 2026 के तहत रंगश्री लिटिल बैले में निर्मल वर्मा की दो कहानियों का मंचन किया गया। इसमें एक थी डेढ़ इंच ऊपर और दूसरी धूप का टुकड़ा। मैनुल अली सिद्दीकी द्वारा निर्देशित डेढ़ इंच ऊपर में दो पात्र हैं-एक बोलने वाला और दूसरा सुनने वाला। बोलने वाले का किरदार निभाया अनुराग मिश्रा ने। शुरू में सुनने वाले पात्र की परिकल्पना की गई, लेकिन ज्यों-ज्यों कहानी आगे बढ़ती गई, सुनने वाला पात्र बिलकुल ही अनुपस्थित हो जाता है। कहानी का बूढ़ा पात्र बियर पीते हुए स्वयं खुलता चलता है। प्रस्तुतिकरण के बीच-बीच में उसे बीयर 'सर्व' करने के लिए एक बेयरा (अभिराज साहू) है, जो उसकी आवाज़ पर जब-जब बीयर का मग रखने आता तो अनायास ही कहानी के दृश्य को पुनः पब से जोड़ देता।

## एलबीटी में निर्मल वर्मा की दो कहानियों 'डेढ़ इंच ऊपर' और 'धूप के टुकड़े' का मंचन


रंगश्री लिटिल बैले में कहानी डेढ़ इंच ऊपर का मंचन करते कलाकार।

### पत्नी द्वारा किए गए विश्वासघात से आहत होता है नायक

नायक स्वयं से ही सवाल-जवाब करके अपनी पत्नी द्वारा किए गए विश्वासघात से आहत होता रहता है। उसे लगता है कि वह इतना बेबस है कि चाहकर भी अपनी पत्नी को नहीं बचा पाया। वह पत्नी यादों को शराब में घोलकर पी रहा है। इस तरह अपने जीवन की कई सच्चाइयों को दर्शकों के सामने रखकर नायक मयखाना बंद होने तक पीता रहता है। नाटक में नायक अपने और अपनी पत्नी के विश्वास अविश्वास के बीच में खड़ी दीवार को ही गिराने की जद्दोजहद करता रहता है। उसे लगता है कि उसकी पत्नी ने उसके साथ विश्वासघात किया और वह उससे 15 साल पहले ही दुनिया से चली गई।

## स्वतंत्र जीवन जीने की चाह पर सामने आ गया अतीत

निर्मल वर्मा की दूसरी कहानी धूप का टुकड़ा के निर्देशन की बागडोर संभाली अधीशा नायर ने। कहानी कुछ इस प्रकार चलती है कि एक स्त्री की उस दशा को दिखाया है, जो स्वतंत्र होकर जीना चाहती है, लेकिन जीवन में घटनाक्रम उस स्त्री को समझौते का अहसास कराती है। प्यार, शादी फिर पति से अलग जीवन व्यतीत करना, वह स्वतंत्र जीवन व्यतीत करने की कोशिश करती है, लेकिन अतीत उसका पीछा नहीं छोड़ता। वह हर दिन एक पार्क, गिरिजाघर में जाती है और यादों को सहेजने की कोशिश करती है। अंत में एक औरत के एकाकी जीवन में आने वाली कठिनाइयों को भावुक अंदाज़ में दर्शकों के सामने लाती है। एक अदमी है जो संयोग से उसी बेंच पर आकर बैठ जाता है जहां यह औरत रोजाना आकर बैठती है। एक पार्क से शुरू होकर भी कहानी का दृश्य-जगत औरत के लम्बे संवाद में उसके अतीत के प्रसंगानुसार बदलता रहता है।



## 'जय महाकाल' और 'सम्राट विक्रमादित्य' के जयकारों से गुंजायमान हुआ आकाश

# महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' के मंचन ने दर्शकों को कराई स्वर्णिम युग की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' के भव्य मंचन और ओजस्वी प्रस्तुति से दर्शकों को हजारों वर्ष पुराने स्वर्णिम युग की यात्रा कराई। महानाट्य का आरंभ सम्राट विक्रमादित्य के उस संकल्प से हुआ, जब वे विदेशी आक्रांताओं के चंगुल से मातृ भूमि को मुक्त कराने का प्रण लेते हैं। रंगमंच पर कलाकारों के सजीव अभिनय ने उस कालखंड को जीवंत कर दिया, जब शकों के आतंक से त्रस्त प्रजा की रक्षा के लिए एक महानायक का उदय हुआ था। विशाल और भव्य सेट, ऊंचे दुर्ग और उस दौर के राजसी वैभव को दर्शाते दृश्यों ने दर्शकों को बांधे रखा। प्रकाश संयोजन और संगीत की स्वर लहरियों ने हर दृश्य को इतना प्रभावशाली बना दिया कि युद्ध के दृश्यों में जहां वीरता का सजीव आभास हुआ, वहीं सम्राट की न्यायप्रियता के प्रसंगों ने दर्शकों को गौरव की भावना से भर दिया।

### वाराणसी की पावन धरा पर 400 से अधिक कलाकारों ने सम्राट की न्यायप्रियता, अदम्य शौर्य और विक्रम संवत की स्थापना प्रभावशाली रूप में की प्रस्तुत


नाटक देखते सीएम डॉ. मोहन यादव और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 400 से अधिक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

महानाट्य की सबसे बड़ी विशेषता इसका यथार्थवादी चित्रण था, जिसमें मदमस्त हाथियों, सरपट दौड़ते घोड़ों और ऊंटों के काफिलों के प्रयोग ने युद्ध के दृश्यों और राजसी वैभव को अभूतपूर्व भव्यता प्रदान की। हाथियों की चिंघाड़ और घोड़ों की टापों ने मंच पर रणभूमि का साक्षात दृश्य उपस्थित कर दिया, जिससे दर्शक रोमांचित हो उठे। लगभग 400 से अधिक कलाकारों ने आधुनिक लाइट-एंड-साउंड तकनीक के साथ सम्राट की न्यायप्रियता, अदम्य शौर्य और विक्रम संवत की स्थापना के प्रसंगों को बड़े प्रभावशाली रूप प्रस्तुत किया।

### अनछुए पहलुओं को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया

महानाट्य में सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व के उन अनछुए पहलुओं को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया, जो उन्हें एक साधारण राजा से 'चक्रवर्ती सम्राट' बनाते हैं। वह दृश्य अत्यंत हृदय स्पर्शी था जब सम्राट अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए रात्रि के अंधकार में वेश बदलकर निकलते हैं। उनके द्वारा स्थापित 'विक्रम संवत' की प्रासंगिकता और भारतीय काल-गणना के महत्व को जिस सरल और साहित्यिक भाषा में संवादों के माध्यम से पिरोया गया, वह सराहनीय था। कलाकारों के संवादों में वह ओज और स्पष्टता थी, जिसने इतिहास को मंच पर साक्षात कर दिया। सम्राट का न्याय और 'सिंहासन बत्तीसी' के प्रसंगों ने यह संदेश दिया कि नेतृत्व केवल सत्ता का भोग नहीं, बल्कि त्याग और न्याय की वेदी पर खुद को समर्पित करना है।

### नागरिक का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया

तीन दिवसीय महानाट्य की पहली गरिमामयी शाम में जनता और पर्यटक इस कदर उमड़े कि कार्यक्रम स्थल छोटा प्रतीत होने लगा नाटक के चरमोत्कर्ष पर पहुंचतें ही 'जय महाकाल' और 'सम्राट विक्रमादित्य' के जयकारों से आकाश गुंजायमान हो गया। अंतिम दृश्य में जब सम्राट का राज्याभिषेक हुआ और पुष्प वर्षा हुई, तो हर नागरिक का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया।

### विक्रमादित्य महानाट्य के विशेष आकर्षण

समारोह स्थल पर म.प्र. संस्कृति और पर्यटन विभाग द्वारा भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में ऋषियों वैदिक ज्ञान तथा सांस्कृतिक गौरव को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। महानाट्य में तीन भव्य मंच बनाए गए हैं, जिनमें से एक मंच पर उज्जैन के महाकाल मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की गई, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी।

## विहान ड्रामा वर्क्स 'पोएटिक्स-13'

# निर्मल वर्मा की जयंती पर 'दूसरी दुनिया' का जीवंत कथा-पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी के प्रसिद्ध लेखक निर्मल वर्मा की जयंती के अवसर पर उनकी चर्चित कहानी 'दूसरी दुनिया' का विशेष कथा-पाठ आयोजित किया गया। यह आयोजन विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा 'पोएटिक्स–13' श्रृंखला के तहत किया गया। ' दूसरी दुनिया' कहानी अपने गहरे भाव, अकेलेपन और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाने के लिए जानी जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इसे एक अलग और प्रयोगधर्मी अंदाज में प्रस्तुत किया गया।



### शब्दों से निर्मित एक दृश्य-यात्रा

अभिनेता हेमंत देवलेकर ने पाठ और अभिनय के बीच की सीमाओं को सहजता से मिटाते हुए एक जीवंत नाट्य-अनुभव रचा। यह केवल एक पाठ नहीं था, बल्कि शब्दों से निर्मित एक दृश्य-यात्रा थी। मंच को कहानी के भीतर घटित विभिन्न स्थानों जैसे एक लाइब्रेरीनुमा कोना, एक पेड़, एक बेंच आदि में विभाजित किया गया था, जिससे दर्शक न केवल सुन रहे थे, बल्कि कहानी को अपने आसपास घटित होते हुए महसूस कर रहे थे।

### हेमंत का अभिनय इस प्रस्तुति का केंद्र

पाठ और अभिनय का यह संगम दर्शकों के लिए एक सजीव, आत्मीय और गहन अनुभव बनकर उभरा। निर्देशक सौरभ अनंत के अनुसार, युवाओं को निर्मल वर्मा के साहित्य से जोड़ना, और उनकी जयंती पर उनके शब्दों को जी पाने का अवसर देना, अपने आप में एक संतोषजनक अनुभूति है। इस तरह उनके साहित्य के भीतर प्रवेश कर उन्हें याद करना ही सबसे सच्चा स्मरण और विहान के 'पोएटिक्स' की सार्थकता है।



# सशक्त नारी से सशक्त कुटुंब समाज और राष्ट्र का निर्माण



21 महिलाओं का शक्ति सम्मान

'कुटुंब प्रबोधन' विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, इकाई द्वारा नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) के अवसर पर शुक्रवार को 'शक्ति सम्मान' एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'कुटुंब प्रबोधन' रहा। मुख्य वक्ता डॉ. बिनय षडंगी राजाराम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुटुंब की अवधारणा बहुत व्यापक है, जो परिवार से शुरू होकर समाज और राष्ट्र तक पहुंचती है। राजाराम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि शीला दाहिमा ने परिवारों में बढ़ती संवादहीनता पर चिंता जताते हुए कहा कि आज के समय में आपसी संवाद बनाए रखना बेहद जरूरी है, खासकर नई पीढ़ी के लिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि 'शक्ति सम्मान' केवल महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने का प्रतीक है। सशक्त नारी ही सशक्त कुटुंब और मजबूत समाज की नींव होती है।

परिवारों में बढ़ती संवादहीनता पर चिंता जताई

### 21 महिलाओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में 21 महिलाओं को 'शक्ति सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा के लिए शीला दाहिमा और 'नेपथ्य की शक्ति' के लिए लता कर्णावट को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाली कई महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। जिनमें सुनीता शर्मा 'सिद्धि' ,अमृत शक्ति सम्मान, रिज़वाना शेख़ परिचालिका, ज्योति रात्रे पर्वतारोहण, शानू सिंह मनोचिकित्सक, योगिता सिंह वास्तुविद्, डॉ. विनीता श्रीवास्तव संपादक, आरती मीणा पाककला, प्रीति तिवारी नृत्य, अनिता सक्सेना मांडणा कला, गरिमा मथनिया आर्ट एंड क्राफ्ट, डॉ. सुचिता राऊत चित्रकार, कविता अग्रवाल योगाचार्य, सरोज शर्मा रंगकर्मी, प्रियंका माहेश्वरी उद्घोषिका, श्रद्धा गुप्ता गायन, चित्रा धोटे अधिवक्ता, रीना कालरा शिक्षिका एवं डॉ. अनुसुईया बमनिया चिकित्सक प्रमुख रहीं।

## 'गाता रहे मेरा दिल' में आज नजर आएंगे 20 से 79 साल तक के गायक

**भोपाल।** गाता रहे मेरा दिल' में 20 से 79 वर्ष तक के गायक एक ही मंच पर महिलाओं की पहल पर संगीत का अनोखा मंच संगीत प्रेमियों के लिए रखा है। पांच महिलाओं द्वारा शौकिया गायकों के लिए वी 5 एंटरटेनमेंट समूह बनाया है, जिसे तहत 4 अप्रैल को कोलार रोड स्थित सेलिब्रेशन रिजॉर्ट में 'गाता रहे मेरा दिल-सीजन 1' नाम से एक संगीत संध्या आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में कोई सिंगिंग प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि संगीत का एक उत्सव है, जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के 40 शौकिया गायक स्टेज पर लाइव परफॉर्म करेंगे। कार्यक्रम में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी लगभग 20 वर्ष के हैं, जबकि सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी 79 वर्ष से अधिक आयु के हैं।

■ महिलाओं की पहल पर संगीत का अनोखा मंच

# अफ्रीकी छात्रों के डांस, म्यूजिक, फैशन शो और बैंड परफॉर्मेंस पर झूमे युवा

## अफ्रीकी परंपरा और आधुनिक शैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में चल रहे वार्षिक उत्सव 'रिदम 2026' के तहत 'अफ्रो फेस्ट' का आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अफ्रीकी छात्रों के साथ-साथ भोपाल के अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले अफ्रीकी विद्यार्थियों ने भी भागीदारी की।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में तीसरे वर्ष सजा 'अफ्रो फेस्ट'


वार्षिक उत्सव के दौरान नृत्य करते अफ्रीकी विद्यार्थी।

### रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसमें डांस, म्यूजिक,और फैशन शो देखने को मिला जिनमें अफ्रीकी परंपरा और आधुनिक शैली का सुंदर संगम नजर आया। इस वर्ष आयोजन में लाइव बैंड परफॉर्मेंस और नाट्य प्रस्तुतियों को भी शामिल किया गया, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मामलों की अधिष्ठाता डॉ. रितु कुमारन के समन्वय में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## मुंबई में सोलो नाटक ने जीता दर्शकों का दिल

# पॉपकॉर्न में समाज के गंभीर मुद्दों को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई के रंगशिला थिएटर में 31 मार्च को 'हम थिएटर' द्वारा चर्चित सोलो नाटक 'पॉपकॉर्न' का मंचन किया गया। इस नाटक को आशीष पाठक ने लिखा और निर्देशित किया है। नाटक में बालेंद्र सिंह ने अकेले ही आठ अलग-अलग किरदार निभाए। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति के दौरान दर्शकों को कहीं भी यह महसूस नहीं हुआ कि यह एक सोलो परफॉर्मेंस है। नाटक के अंत में दर्शकों ने खड़े होकर तालियों के साथ कलाकार का सम्मान किया। इस अवसर पर फिल्म और रंगमंच जगत की कई चर्चित हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें रूमी जाफरी, कुमुद मिश्रा, राज अर्जुन, अमित तिवारी, सुरेश भारद्वाज और ओम कटारे शामिल थे।

## आशीष पाठक के लेखन-निर्देशन में बालेंद्र सिंह ने निभाए आठ किरदार,



### कहानी एक गांव के लड़के रूपक पर आधारित

नाटक की कहानी एक गांव के लड़के रूपक पर आधारित है, जो सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखता है, लेकिन परिस्थितियों के चलते वह पॉपकॉर्न बेचने को मजबूर हो जाता है। रोज वह स्टेशन पर रहने वाली गूंगी महिला टुकिया को पॉपकॉर्न देता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब स्टेशन पर फल बेचने वाला व्यक्ति टुकिया के साथ दुष्कर्म करता है।

## ड्रामा क्लब के छात्रों ने प्रस्तुत की रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविताएं

# विश्व रंगमंच दिवस पर समर हिल स्कूल में नाट्य प्रस्तुति

## मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'ठाकुर का कुआं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को रोहित नगर स्थित समर हिल ग्लोबल हाई स्कूल में स्विच ऑन स्क्वेरी आर्ट ऑर्गेनाइजेशन, द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर नाट्य प्रस्तुति आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में ड्रामा क्लब के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की कविताओं और मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'ठाकुर का कुआं' का मंचन किया। प्रस्तुतियों का निर्देशन अभिषेक गर्ग और प्रियंका गर्ग ने किया।





### समाज में मौजूद भेदभाव को दर्शाया

'ठाकुर का कुआं' के माध्यम से समाज में मौजूद भेदभाव को दर्शाया गया। यह संदेश दिया गया कि इस तरह की सोच को सबसे पहले अपने मन से खत्म करना जरूरी है। वहीं टैगोर की कविताओं ने समाज और देश के लिए समर्पण की प्रेरणा दी। इस प्रस्तुति में ऐशानी गर्ग, अरनव चौरे, अन्या श्रीवास्तव और वान्या जैन ने शानदार अभिनय किया।

## पुरातत्व संरक्षण के लिए स्टार्टअप्स और इंक्यूबेशन सेंटर की जरूरत

# वाकणकर स्मृति दिवस पर विरासत और नई तकनीक पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की हजारों साल पुरानी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने और हो रही क्षति को कम करने के लिए नई तकनीक और स्टार्टअप्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यह बात पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के आयुक्त मदन कुमार ने डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यानमाला में कही। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित करना समय की मांग है और इसके लिए लोगों को अपने नवाचारपूर्ण विचारों के साथ आगे आना चाहिए। मंच पर नारायण व्यास, कैलाश चंद्र पाण्डे, डॉ. मनोज कुमार कुर्मी और डॉ. सुरेश कुमार दुबे उपस्थित रहे।

### छात्रों का मार्गदर्शन करते थे

कैलाश चंद्र पाण्डे ने मंदसौर और नीमच के पुरातत्व स्थलों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वाकणकर के मार्गदर्शन में उन्होंने कई महत्वपूर्ण उत्खनन और सर्वेक्षण कार्य किए। वहीं, डॉ. नारायण व्यास ने कहा कि वाकणकर के प्रेरणा से ही उन्होंने पुरातत्व में उच्च शिक्षा हासिल की। उन्होंने बताया कि वाकणकर जी अपने कार्य के प्रति इतने समर्पित थे कि स्वयं के संसाधनों से भी शोध और छात्रों का मार्गदर्शन करते थे। भीमबैठका खोज का उल्लेख 23 मार्च 1957 को वाकणकर जी ने भीमबैठका के शैलचित्रों की खोज की, जिसे बाद में विश्व धरोहर का दर्जा मिला।



### सम्मान और विमोचन

इस अवसर पर डॉ. नारायण व्यास और कैलाश चंद्र पाण्डे को सम्मानित किया गया। साथ ही वाकणकर जी की शिष्य परंपरा से जुड़े विद्वानों का भी सम्मान हुआ और 'कला समय' पत्रिका के विशेषांक का विमोचन किया गया।

### प्रदेश की धरोहरों पर भी चर्चा

मदन कुमार ने अपने संबोधन में डिंडोरी और उमरिया की शैलगुफाओं, डायनासोर जीवाश्म और घुघुआ फॉसिल पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि इन धरोहरों को आधुनिक तकनीक के जरिए संरक्षित और प्रचारित करना जरूरी है। उन्होंने यूनेस्को के एआर-वीआर प्रोजेक्ट और 'द मोन्यूमेंट मैन' फिल्म के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे


# शाह ने राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा, इसे देश और राज्य के लिए बताया हितकर, योगी ने भी ललकारा

## शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली

एजेंसी ▶▶ गोलपाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग


जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

**यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे**

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

### हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी

### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे



**बारपेटा**। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। पारंपरिक रूप में दिखे।

तमिलनाडु चुनाव

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



**चेन्नई**। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

तमिलनाडु का सियासी रण

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



**चेन्नई**। तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

### लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की, जो 2 किलोमीटर से कुछ कम दूरी पर स्थित कामराजर स्टैच्यू/राजा थिएटर सिग्नल के पास समाप्त हुआ।

भाजपा अध्यक्ष नितिन ने कहा

### कांग्रेस शासन में घुसपैठियों ने जमीनें लूटी



**कामरूप**। यहां भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा असम के हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय घुसपैठियों ने लोगों की जमीनें लूट ली थीं। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने उन जमीनों को वापस दिलाने का बड़ा काम किया है।

केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा

### कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं।

ममता का भाजपा पर आरोप

### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



**कोलकाता**। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

हिंसा रोकने ईसी का कदम

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात



बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।

---

## खबर संक्षेप

### दरभंगा में दिनदहाड़े 2 करोड़ की ज्वेलरी लूटी

**दरभंगा**। यहां के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपए नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।



### महाराष्ट्र में 40 किमी लंबा महाजाम, जिंदगी थमी

**धाराशिव**। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सड़कें छोटी पड़ गई हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र की कुलदेवी मां येडेश्वरी के दर्शनों के लिए 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से सोलापुर-धुले हाईवे पर हालात बेकाबू हो गए। करीब 40 किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया है। महाराष्ट्र के इस प्रमुख हाइवे पर लगे ट्रैफिक जाम के चौंकाने वाले ड्रोन वीडियो सामने आए हैं। हाइवे पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी हुई थीं।



### राजनगर सोसाइटी के फ्लैट में भीषण आग

**गाजियाबाद**। यहां के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में क्लासिक रेजिडेंसी सोसायटी में शुक्रवार दोपहर एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। यह फ्लैट बी-टावर के तीसरे फ्लोर पर स्थित था। आग की शुरुआत तब हुई जब फ्लैट बंद और ताले में था, जिससे शुरुआती समय में किसी को आग लगने की जानकारी नहीं मिल सकी। फ्लैट के अंदर रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जलकर राख हो गई। हताहत की जानकारी नहीं मिली है।



होर्मुज संकट पर सत्तापक्ष और विपक्ष में वार-पलटवार तेज

# थरूर व तिवारी के बाद शर्मा ने किया केंद्र की नीतियों का समर्थन, सियासी चश्मे से न देखें

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने देश के हित को सबसे ऊपर कहा

## कहा- संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा। शर्मा ने कहा भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। शर्मा ने कहा कि ऐसे संकट में देश के भीतर राष्ट्रीय सहमति और एकजुटता जरूरी होती है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन जब देश, विदेशों में काम कर रहे अधिकारियों की बात हो, तो एक सुर में बोलना चाहिए।

- सरकार की कूटनीतिक नीति को सराहा


आनंद शर्मा


शशि थरूर


मनीष तिवारी

### सरकार लोगों के लिए काम कर रही

शर्मा के बयान में सरकार के रुख की साफ सराहना दिखी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक तिरंगे को ऊंचा रखे हुए हैं और वे देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में उनका हौसला बढ़ाया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि भारत इस संकट में न किसी एक तरफ झुका है और न ही किसी के दबाव में आया है। उन्होंने इसे कुशल कूटनीति बताया। उनका कहना था कि यही वजह है कि भारत अब तक अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाया है। इस समय सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि भारत की साख भी बनी रहे।

### पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक हो

शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या उनका बयान कांग्रेस की तय लाइन से अलग है, तो उन्होंने उलटा सवाल किया कि आखिर पार्टी लाइन है क्या? उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति के बयान को पार्टी लाइन नहीं माना जा सकता। शर्मा ने सुझाव दिया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हो। और वहीं चर्चा के बाद पार्टी का आधिकारिक रुख तय होना चाहिए।

### राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि बताया

शर्मा के बयान का सबसे बड़ा संदेश यही रहा कि इस संकट में भारत की पहली चिंता अपने नागरिकों, प्रवासियों और समुद्री हितों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भारत का संतुलित रुख इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसे किसी खेमे में खड़े होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हित को देखना है। यही कारण है कि उन्होंने राजनीतिक बहस से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की बात की। उनके बयान ने दिखाया कि कांग्रेस के भीतर ऐसे नेता मौजूद हैं, जो विदेश नीति जैसे मामलों में सरकार के अच्छे कदमों को स्वीकार करने में हिचक नहीं रखते। शर्मा का बयान यही दिखाता है।

### सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी

शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग की है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह संवाद एक बार की औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी है। ऐसे संकट में देश को एकजुट दिखना चाहिए। शर्मा ने यह भी साफ किया कि सरकार के पास ज्यादा जानकारी होती है, क्योंकि वही अंतरराष्ट्रीय नेताओं और दूसरे देशों के साथ सीधे संपर्क में होती है। इसलिए कुछ फैसले वही बेहतर तरीके से ले सकती है।

शिक्षा मंत्रालय ने दी कैंपस खोलने और पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी

# 'बोर्ड' 3 साल के इंतजार के बाद डीम्ड यूनिवर्सिटी बना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बड़ी खबर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) अब छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर की डिग्रियां भी प्रदान कर सकेगा। संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया है, जिसके बाद यह विभिन्न कोर्स संचालित करने के लिए अधिकृत हो गया है। इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्धारित प्रावधानों के तहत एनसीईआरटी को ऑफ-कैंपस और ऑफशोर केंद्र स्थापित करने की अनुमति भी होगी। यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, एनसीईआरटी को डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी का दर्ज दिया जाता है।

### मुनाफा कमाने वाली गतिविधि में शामिल नहीं होगा

सरकार ने एनसीईआरटी को कुछ सख्त शर्तों के साथ यह दर्जा दिया है। संस्थान अपनी संपत्ति या फंड बिना सरकार और यूजीसी की अनुमति के ट्रांसफर नहीं कर सकता। साथ ही, वह किसी भी तरह की मुनाफा कमाने वाली गतिविधि में शामिल नहीं होगा। एनसीईआरटी को रिसर्च, पीएचडी और नए शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना होगा। साथ ही, उसे नैक और एनबीए जैसी संस्थाओं से मान्यता लेनी होगी। इसके अलावा, संस्थान को हर साल एनआईआरएफ रैंकिंग में भी भाग लेना अनिवार्य होगा, ताकि उसकी गुणवत्ता और प्रदर्शन का आकलन किया जा सके।

### ये हैं 6 यूनिट्स


एनसीईआरटी के पांच रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन और भोपाल में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन डीम्ड यूनिवर्सिटी बन गए हैं। ये यूनिट्स हैं

1. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर, राजस्थान
2. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश
3. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भुवनेश्वर, ओडिशा
4. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मानसगंगोत्री, मैसूर,
5. नॉर्थ ईस्ट रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, शिलांग, मेघालय
6. पंडित सुंदरलाल शर्मा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश

सीबीएसई का नया फैसला

# कक्षा 6 से थर्ड लैंग्वेज अनिवार्य अब 2 की जगह 3 भाषाएं पढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए नया करिकुलम जारी किया है। नए शैक्षणिक सत्र से क्लास 6 के छात्रों के लिए थर्ड लैंग्वेज अनिवार्य होगा। हर छात्र को कम से कम 2 भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। बोर्ड इसके जरिए 2031 तक कक्षा 10वीं के बोर्ड एग्जाम से पहले स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा को जरूरी विषय बनाने की तैयारी में है जो कि एनईपी का हिस्सा है। छात्रों को कक्षा 10वीं तक 3 भाषाएं सीखनी होंगी। अभी छात्र केवल 2 भाषाएं पढ़ते हैं। चेयरमैन राहुल सिंह ने कहा अभी क्लास 9 में तीसरी भाषा अनिवार्य नहीं होगी। इस साल तीसरी भाषा की किताबें शुरू होंगी।

चड्ढा पर बरसे सीएम मान और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी

# समोसे-पिज्जा का मुद्दा उठाते हैं, वे कम्प्रोमाइज्ड

## डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने के बाद साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर पद से हटाने के बाद सियासी गरमी है। आप नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। मान ने कहा कि बंगाल में मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने का मामला हो या गुजरात में आप कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का, चड्ढा ने कैंटीन में समोसे महंगे होने और पिज्जा में देरी का मुद्दा उठाया।

### व्हिप का उल्लंघन किया



पार्टी में संसदीय बोर्ड के नेता समय-समय पर बदलते रहते हैं और यह एक सामान्य प्रक्रिया है। मान ने कहा कई मुद्दे ऐसे होते हैं, जिन पर पार्टी उम्मीद करती है सांसद वॉकआउट करें या आवाज उठाएं। उन्होंने तो व्हिप का उल्लंघन किया।

### पीएम की गोद में बैठे हैं



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आतिशी ने कहा है कि चड्ढा, पीएम मोदी की गोद में बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चड्ढा किसी भी मुद्दे पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने से डरते हैं।

जनता के मुद्दे पर बोलता हूं, मुझे कौन रोकेगा?

### वे 'मेरी खामोशी को मेरी हार न समझें...

चड्ढा ने वीडियो संदेश में कहा जब भी मुझे संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलता हूं। क्या जनता के मुद्दों पर बोलना कोई अपराध है? कोई मुझे बोलने से क्यों रोकेगा? चड्ढा ने शेर पढ़ा 'मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है।'



# ईरान का आरोप- युद्ध में 600 से अधिक स्कूल तबाह, बच्चों की पढ़ाई पर असर

ईरान की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग

*ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं*

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 35वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है।

ईरान ने दावा किया है कि 28 फरवरी से जारी हमलों में देश के शिक्षा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं। इस घटनाक्रम के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने और कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, लगातार जारी हमलों के कारण देश में शिक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।


ईरान ने इजराइल के रमत गन शहर पर क्लस्टर बम से हमले में अपने क्षतिग्रस्त घर को देखती महिला

## ईरान के रिहायशी इलाके में अमेरिकी हमले से 3 की मौत

*ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी हिस्से में एक रिहायशी इलाके पर हुए हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। तेहरान में स्थित शाहिद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई हमले का दावा सामने आया है। यह हमला देश की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं में से एक को निशाना बनाकर किया गया। हमले के बाद इलाके में धुआं और नुकसान के दृश्य सामने आए हैं, हालांकि अभी तक किसी बड़े जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

### लेबनान में मस्जिद के बाहर हमला, 4 की मौत

*लेबनान में एक मस्जिद से निकल रहे लोगों पर ड्रोन हमला किया गया, जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए।*

### ट्रंप ने रक्षा बजट 1.5 ट्रिलियन डॉलर करने की मांग की

*ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप ने अमेरिकी संसद से रक्षा बजट में 1.5 ट्रिलियन डॉलर (139 लाख करोड़ रुपए) की भारी बढ़ोतरी की मांग की है। ट्रंप पहले से ही अमेरिका और उसके सहयोगियों के सैन्य खर्च बढ़ाने की बात करते रहे हैं। फिलहाल अमेरिका का रक्षा बजट लगभग 839 बिलियन डॉलर (करीब 70 लाख करोड़ रुपए) है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला, तो अमेरिका आसानी से होर्मुज स्ट्रेट को खोल सकता है। उन्होंने कहा कि इससे तेल की सप्लाई शुरू होगी और दुनिया को बड़ा फायदा होगा, साथ ही इससे काफी पैसा भी कमाया जा सकता है।*

## अबू धाबी में मिसाइल का मलबा गिरने से 12 घायल, इनमें 5 भारतीय, 6 नेपाली शामिल

यूएई के अबू धाबी में मिसाइल का मलबा गिराने से 12 लोग घायल हो गए। इनमें 5 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार को अज्बान इलाके में हुई। जब एयर डिफेंस सिस्टम ने मिसाइल को इंटरसेप्ट किया, तो उसका मलबा नीचे आ गिरा। घायलों में 6 नेपाली नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। यूएई ने बताया कि उसने आज 18 बैलिस्टिक मिसाइल, 4 क्रूज मिसाइल और 47 ड्रोन को मार गिराया।

ईरान ने बदली युद्ध की रणनीति

## कुवैत में पानी और यूएई में तेल के प्लांट पर किया जोरदार हमला


कुवैत की ऑयल रिफाइनरी पर दूसरी बार हमला

*ईरान ने मिडिल ईस्ट में जंग का रुख बदल दिया है। उसने कुवैत के पानी प्लांट और अबू धाबी के गैस प्लांट पर हमलों से खाड़ी देशों में हड़कंप मच गया है। कुवैत के मीना अल-अहमदी पोर्ट पर बनी ऑयल रिफाइनरी पर दो हफ्तों में तीसरी बार हमला हुआ है। यह मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है। कुवैत और ईरान की दूरी सिर्फ 80 किमी दूर है।*


### अबू धाबी में मिसाइल के मलबे की चपेट में 1 की मौत

*वहीं, अबू धाबी के हबशन गैस फैसिलिटी में ईरान की मिसाइल को रोका गया। उसका मलबा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया और उसका मलबा गैस फैसिलिटी पर गिर गया। इस दौरान एक मिस्र नागरिक की मौत हो गई। घायल हुए लोगों में दो मिस्र और दो पाकिस्तान के नागरिक शामिल हैं। सभी को मामूली चोटें आई हैं।*

### अबू धाबी के स्टील प्लांट पर हमला, बंद हुआ उत्पादन

*ईरानी हमलों के कारण अबू धाबी का अल तावीलाह एल्युमिनियम प्लांट बंद करना पड़ा है। कंपनी का कहना है कि इस प्लांट को काफी नुकसान हुआ है और इसे पूरी तरह ठीक होने में 12 महीने तक लग सकते हैं।*

## मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ा देंगेः ईरान



ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की सूची जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा कि अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम आपके पूरे क्षेत्र के ठिकाने खत्म कर देंगे। ईरान की सूची में शेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई), किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका और इजराइल ने ईरान के करज शहर में 3800 करोड़ के बी1 ब्रिज पर दो बार हमला किया था।

आईआरजीसी का दावा

## तेलअवीव पर जोरदार हमला


इजराइल के तेल अवीव में क्षतिग्रस्त घर

ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने तेल अवीव और एय्लात में इजराइली सेना और सैन्य औद्योगिक कंपनियों पर ताजा हमले करके भारी नुकसान पहुंचाया है। आईआरजीसी ने कहा कि इन हवाई हमलों में इजराइली ठिकानों और उपकरणों को नष्ट किया गया। इजराइल की तरफ से अब तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इलाके में सुरक्षा अलर्ट और एंटी-मिसाइल सिस्टम सक्रिय हैं।

## 6 लाख बैरल कच्चे तेल से लदा ईरानी टैंकर चीन की तरफ मुड़ा


आज पहुंचना था भारत

भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, और इसे 4 अप्रैल को गुजरात के पास पहुंचना था लेकिन उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे भुगतान से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। पहले आपूर्तिकर्ता 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी।

### 58 हजार एमटी एलपीजी से भरा टैंकर 'ग्रीन सान्वी' भारत की ओर बढ़ रहा

58,811 मीट्रिक टन की क्षमता वाला भारत का एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी' होर्मुज के जलडमरूमध्य को पार कर रहा है, जो पश्चिमी एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। 'ग्रीन सान्वी' ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू कर दिया है और क्यूशम-लारक क्रॉसिंग की ओर बढ़ रहा है। 'ग्रीन सान्वी' पश्चिम एशिया के तनाव शुरू होने के बाद से होर्मुज से गुजरने वाला सातवां भारत-आने वाला एलपीजी वाहक है। टैंकर अपनी पहचान 'इंडिया शिप इंडिया क्रू' के रूप में दिखा रहा है ताकि आईआरजीसी बलों द्वारा लक्षित होने के जोखिम को कम किया जा सके।

ईरान और ओमान के बीच हो रही बातचीत

## होर्मुज प्रबंधन को लेकर बना रहे प्रोटोकॉल

होर्मुज जलडमरूमध्य के संयुक्त प्रबंधन को लेकर ओमान और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा इस जलमार्ग हेतु एक प्रोटोकॉल तैयार करना है। दुनिया के तेल-गैस का पांचवां हिस्सा यहां से गुजरता है। प्रोटोकॉल की जानकारी अस्पष्ट है। हालांकि, अन्य खाड़ी देश भी किसी भी योजना में शामिल होने पर जोर दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में पकड़े गए 4 संदिग्ध आतंकी



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने पाकिस्तान हैंडलर और कट्टरपंथी ग्रुपों के निर्देश पर देश में आगजनी, तोड़फोड़ और आतंक फैलाने की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। गैंग टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स से लगातार संपर्क में था। गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल (मेरठ) था। वह अपने 3 साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

### पाक में गाय-भैंस पालने पर लगेगा गोबर टैक्स



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब राज्य में गाय और भैंस पालने पर अब 'टैक्स' लगाने की तैयारी हो रही है। मरियम नवाज की सरकार हर गाय और भैंस पर रोजाना 30 पाकिस्तानी रुपए फीस देने का नियम बना सकती है। सरकार इस कदम को ग्रीन एनर्जी के रूप में पेश कर रही है। यह योजना 'सुथरा पंजाब' बायोगैस प्रोग्राम का हिस्सा बताई जा रही है। यह दिसंबर 2024 में पंजाब राज्य में शुरू किया गया।

### म्यांमार में आर्मी चीफ मिन आंग बने राष्ट्रपति



**नेप्यीडॉ।** म्यांमार में सेना प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रपति चुन लिया गया है। संसद में हुए वोट में उन्हें जीत मिली। इससे 2021 में तख्तापलट के बाद देश पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है। 69 साल के ह्लाइंग 2011 से म्यांमार की सेना के प्रमुख रहे हैं। उन्होंने 2021 में आंग सान सूची की सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

नौसेना में शामिल हुए आईएनएस तारागिरी और आईएनएस अरिदमन

# राजनाथ सिंह बोले- हम एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति, भारत की नौसेनिक ताकत में इजाफा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की समुद्री सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में स्वदेशी अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी और आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल कराया। इस समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तारागिरी के जलावतरण से भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ी है। यह ब्रह्मोस और सुपरसोनिक मिसाइल से लैस है। इतिहास हमें बताता है कि कोई भी देश बिना अपनी नौसैनिक ताकत को मजबूत किए शक्तिशाली नहीं माना जा सकता है।


राजनाथ सिंह


आईएनएस तारागिरी

## समुद्र से रिश्ता और मजबूत हुआ

रक्षा मंत्री ने कहा कि ये शहर अपने आप में भारत की समुद्री शक्ति का साक्षी रहा है, इसलिए विशाखापट्टनम से आईएनएस तारागिरी कमीशनिंग अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से लेकर आज की रणनीतिक वास्तविकताओं ने समुद्र में हमेशा भारत की दिशा तय की है। भारत का हमेशा से ही समुद्र के साथ अनोखा संबंध रहा है और समय के साथ समुद्र से हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है।

### ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर

*रक्षा मंत्री ने कहा कि 11,000 किमी से अधिक लंबी तटरेखा वाला हमारा देश, जो तीन तरफ से समुद्र से घिरा है, समुद्र से अलग अपने विकास की कल्पना नहीं कर सकता। हमारे लगभग 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। हमारी ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर करती है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना हमारे लिए केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।*

'शब्द नहीं शक्ति है- अरिदमन...'

## भारतीय नौसेना को मिल गई तीसरी परमाणु पनडुब्बी


आईएनएस अरिदमन

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को परमाणु शक्ति से चलने वाली पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। इस पनडुब्बी के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत का न्यूक्लियर ट्रायड और भी ज्यादा मजबूत हो गया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस अरिदमन के नौसेना में शामिल होने के बारे में इशारों में जानकारी दी थी। राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा था, 'शब्द नहीं शक्ति है, 'अरिदमन'! आईएनएस अरिदमन भारत की एसएसबीएन परियोजना के तहत नौसेना को मिलने वाली तीसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी है। इस ताकत से लैस पहली पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत है और दूसरी आईएनएस अरिघात है। बता दें, भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की सूची लिस्ट में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं।

अमेरिकी कंपनी पर सख्त एचएएल

## तेजस एमके1ए के इंजन देरी के लिए जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




तेजस लड़ाकू विमान

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान के इंजन आपूर्ति में देरी के लिए जुर्माना लगाने का फैसला किया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिकी कंपनी को एफ404-आईएन20 इंजन समय पर नहीं देने के कारण लिक्विडेटेड डैमेजेस यानी जुर्माना लगाया जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि तेजस एमके1ए प्रोजेक्ट इंजन की कमी से दो साल से ज्यादा समय से अटका है। भारतीय वायुसेना नए विमानों का इंतजार कर रही है, लेकिन इंजन न मिलने से डिलीवरी रुकी हुई है। जीई एयरोस्पेस के साथ 99 एफ404 इंजनों का अनुबंध हस्ताक्षर हुआ था। इन इंजनों को तेजस एमके1ए के लिए इस्तेमाल किया जाना है। कंपनी को 2024 से डिलीवरी शुरू करनी थी। हर साल 20 से ज्यादा इंजन देने थे। लेकिन अब तक सिर्फ 6 इंजन ही मिले हैं। बाकी इंजनों की डिलीवरी में भारी देरी हो रही है।

*प्रोजेक्ट दो साल से अटका हुआ*

*20 इंजन देने से मिले सिर्फ 6 ही*

### जल्द ही तय होगी प्रति इंजन पेनाल्टी

*जीई एयरोस्पेस ने कहा है कि उसे सप्लाई चेन में दिक्कत आ रही है, लेकिन एचएएल ने इसे मानने से इनकार कर दिया है। भारत की ओर से कई बार बातचीत की गई कि डिलीवरी तेज की जाए, लेकिन जीई एयरोस्पेस इस पर अमल नहीं कर पाई। अब एचएएल हर देरी वाले इंजन पर पेनाल्टी लगाएगा। एचएएल के सीएमडी ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में देरी के लिए लिक्विडेटेड डैमेजेस का साफ क्लॉज है।*

गांदरबल एनकाउंटर पर उठे सवाल

## एलजी ने दिया आदेश- 7 दिन में मजिस्ट्रियल जांच कर 'रिपोर्ट' दें

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में बुधवार की सुबह सेना ने एक ऑपरेशन चलाया। सेना का कहना था कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में एक स्थानीय आतंकी छुपा हुआ है। ऑपरेशन के बाद सेना ने ऐलान किया कि एक आतंकी मारा गया। लेकिन जब यह पता चला कि गांदरबल के लार गांव का रहने वाला 29 साल का रशीद अहमद मुगल मारा गया है तो प्रदेश के सीएम उमर अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इस एनकाउंटर यानि सेना के ऑपरेशन पर सवाल उठाए। सीएम ने जांच की मांग की थी और पीडीपी चीफ ने इसका समर्थन किया था। अब एलजी मनोज सिन्हा ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें, रशीद अहमद ने बीए तक पढ़ाई की थी। अपने गांव में ही कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था और घर-परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी भी करता था।



शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट

# यूएन ने भारतीय सैनिकों को सराहा, कहा- आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

### सूडान में भारत के 1,779 जवान शांति मिशन में तैनात

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य आपूर्ति मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था।


स्टीफन दुजारिक


दक्षिण सूडान के गीगर में भारत ने चिकित्सा शिविर लगाया

## मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा


दुजारिक ने कहा कि भारतीय शांति सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20-पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा।

### कमजोर नागरिकों तक पहुंचाई मदद

*दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मिशन ने बताया कि नया रास्ता बनने से क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी।*

### 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में

*बता दें, जनवरी 2026 तक, भारत सूडान में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाला देश था, जिसके 1,779 जवान इस शांति मिशन में तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दक्षिण सूडान में हालात बहुत खराब थे। 8 राज्यों में करीब 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। इस आपदा की वजह से लगभग 3 लाख 75 हजार 600 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। ऐसे में इस मुख्य रास्ते का खुलना वहां के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।*



# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नज़र आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे।ोनी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।



# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।



अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप



### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।



### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है।



### बार्सिलोना आठवीं बार सेमीफाइनल में



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार 8वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## आईपीएल: राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

# 'वंडर ब्वॉय' वैभव के सामने गुजरात के तेज गेंदबाजों की असली चुनौती

गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है, जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था।



**टीमें इस प्रकार**

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

मैच का समय : शाम 7:30 बजे

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, पृथ्वी राज यारा, टॉम बैंटन।

## मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा ने 78 रन की तूफानी पारी खेलकर पुराने दिनों की याद दिला दी और टी20 क्रिकेट में शानदार वापसी की। उनके साथी सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने भी 81 रन की आक्रामक पारी खेलकर अच्छा सहयोग दिया।

## 2022 के बाद चेन्नई लगातार दो ओपनिंग मैच हारी

# पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच विकेट से हराकर लगातार आईपीएल 2026 का दूसरा मुकाबला जीत लिया। वहीं, सीएसके लगातार दूसरे मैच में हार गई। शुक्रवार को चेपॉक में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने आयुष म्हात्रे (73) और शिवम दुबे (45*) की दमदार पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### श्रेयस अय्यर ने खेली कप्तानी पारी

*210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, प्रियांश आर्या ने 39 रनों की आतिशी पारी खेली। पंजाब की शुरुआत दमदार रही। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 4.2 ओवर में 61 रन जोड़े। प्रियांश ने सिर्फ 11 गेंदों का सामना करते हुए 354 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में 43 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 22 गेंदों में छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। हालांकि, नेहल वढेरा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 10 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने। कप्तान श्रेयस अय्यर एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। अय्यर 29 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में अय्यर ने 4 चौके और 3 छक्के लगाए। अय्यर के आउट होने के बाद शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस ने पंजाब किंग्स को कोई और झटका नहीं लगने दिया। शशांक छह गेंदों में 14 और स्टोइनिस तीन गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर लौटे। गेंदबाजी में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से मैट हेनरी और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट निकाले।*

# वेटरन ग्रुप में आईपीसीए ने गुरु-11 ग्वालियर को एवं कॉर्पोरेट ग्रुप में टीम स्कोप ने शेडो हॉक्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट में कॉर्पोरेट ग्रुप के तहत शुक्रवार का पहला मैच वेटरन ग्रुप में गुरु इलेवन ग्वालियर और आईपीसीए के बीच खेला गया, जिसमें गुरु इलेवन ने तय 18 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बनाए। इनमें आशीष प्रसाद ने 39, आशीष तनेजा ने 30, मनीष शुक्ला ने 17 और पीसी रजक ने 13 रन ठोके। आईपीसीए के गेंदबाज जामरान और अरशद ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में आईपीसीए की टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव के नाबाद 60 और समीर कुरेशी के नाबाद 31 रन की बदौलत 10.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। जेपी यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर और पूर्व स्टेट लेबल अम्पायर इक़बाल सिद्दीकी, बीडीसीए सहसचिव मुजीबउद्दीन और जावेद हमीद ने पुरस्कृत किया।




## 260 के जवाब में 52 रन पर ही ढेर हुई शेडो हॉक्स की टीम

वहीं, कॉर्पोरेट ग्रुप के तहत दूसरा मैच टीम स्कोप और शेड़ो हॉक्स के बीच खेला गया, जिसमें टीम स्कोप ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 260 रन बनाए। इसमें अभिषेक गिरी ने शानदार शतक लगाते हुए नाबाद 108 रन बनाए, जबकि रमीज खान ने 65, लोकेश मालवीय ने 37 रन का योगदान दिया। शेडो हॉक्स के आदित्य ने 2 विकेट , जबकि विपिन और शुभम ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में शेडो हॉक्स 8.3 ओवर में 52 रन ही बना सकी। टीम स्कोप के रिज़वान ने 5 विकेट लिए, जबकि ज़ीशान अली ने 4 विकेट लिए। दीपक मालवीय ने 1 विकेट लिया। अभिषेक और रिज़वान को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर जितेन्द्र भंडारी और बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया।



## मयंक चतुर्वेदी अकादमी के नैतिक जैन एनसीए कैंप में



**भोपाल।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के ऑलराउंडर खिलाड़ी नैतिक जैन का चयन बीसीसीआई के एलीट कैंप (एनसीए कैम्प) के लिए हुआ है। यह कैंप आगामी 10 मई से अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। नैतिक की इस उपलब्धि पर बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, सचिव शांति कुमार जैन, सहित सभी पदाधिकारियों, अकादमी के कोच सुमित तनेजा, सुरेश खड़से, जमील अहमद, मोहन चतुर्वेदी, एलएस गिल, राजीव सक्सेना, विशाल अय्यर, अमिताभ वर्मा, केजी शर्मा, अंकित शर्मा, विनय शुक्ला और चयनकर्ताओं एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

## एडब्लू कनमड़ीकर अंडर-13 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

# भोपाल डिवीज़न पहली पारी में बढ़त के आधार पर इंदौर में जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित ए डब्लू कनमड़ीकर ट्रॉफी अंडर 13 बॉयज इंटर डिविजनल (दो दिवसीय) इंदौर के होल्कर स्टेडियम पर भोपाल डिविजन और शहडोल डिविजन के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन शहडोल डिविजन ने बल्लेबाजी करते हुए 57.3 ओवर में 113 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई, जिसमें उज्जवल चक्रवर्ती ने 24 रन और अथर्व गुप्ता ने 20 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में समर्थ पुनताम्बेकर ने 5 विकेट और शिवांक जोशी ने 2 विकेट लिए । शहडोल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी में फॉलोआन खेलते हुए 51.4ओवर में 150 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई, जिसमें उज्जवल चक्रवर्ती ने 73 रन बनाए और अक्षत पांडे ने 37 रन बनाए। भोपाल डिविजन से गेंदबाजी में शिवांक जोशी, समर्थ पुनतांबेकर और खुशवंत सिंह नें 2-2 विकेट लिए । इस तरह भोपाल डिवीजन पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीता। मैन ऑफ द मैच भोपाल डिविजन के खुशवंत सिंह रहे।



## इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप

# एलएनसीटी के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने जीती फुटबॉल चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी के मैदान पर खेले गए इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने धमाकेदार जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें मैदान में उतरी थीं, और इन सबको पीछे छोड़कर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह पूरा आयोजन इन एब्रॉड एजु पार्टनर कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड ने करवाया गया। जीतने वाली टीम को कंसल्टेंसी के डायरेक्टर आशीष कुमार झा ने कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे ने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को बधाई दी और कहा कि इन बच्चों ने एक बार फिर खेल के मैदान में कमाल करके एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है।



## सोशल ग्रुप चंद्रप्रभु का जैन चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

# चंद्रप्रभु, सन्मति, एबीएम की टीमें जीतीं, फाइनल मुकाबला कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जैन सोशल ग्रुप 'चन्द्रप्रभु' द्वारा खेल और भाईचारे को प्रोत्साहन देने 'जैन चैंपियंस लीग' क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अंकुर खेल मैदान पर किया जा रहा है, जिसमें 14 टीम पार्टिसिपेट कर रही हैं। विशेष रूप से युवतियां भी आगे बढ़ कर अपना हुनर खेल मैदान पर दिखा रही हैं। सोशल ग्रुप चंद्रप्रभु के अध्यक्ष अंकुर जैन बड़कुर ने बताया, यह टूर्नामेंट के आयोजन का यह तीसरा साल है। फाइनल 5 अप्रैल को खेला जाएगा। शुक्रवार सुबह चन्द्रप्रभु और गेम चेंजर के बीच मैच खेला गया जिसमें चन्द्रप्रभु की टीम जीती। वहीं दूसरा मैच बावड़िया किंग्स व सन्मति के बीच मैच खेला गया, जिसमें सन्मति ने जीत हासिल की। एबीएम और नंदीश्वर के बीच खेले गए मुकाबले में एबीएम की टीम विजयी रही। वहीं, चन्द्रप्रभु और जैन टाइटंस के बीच हुए मैच में चन्द्रप्रभु की टीम जीती। मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह, सचिव शांति जैन और क्रिकेट खिलाड़ी जेपी यादव थे। जैन सोशल ग्रुप चन्द्रप्रभु के पदाधिकारियों ग्रुप के अध्यक्ष अंकुर जैन (बड़कुर), मुख्य संयोजक विशाल अजमेरा सचिव मयंक सिंघई एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप चंद्रप्रभु अध्यक्ष अंकुर बड़कुर, सचिव मयंक सिंघई, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, मुख्य संयोजक विशाल अजमेरा, संयोजक द्वय अमित जैन कलश, विशाल जैन, सौरभ कालू आदि मौजूद थे।








### नई व्यवस्था: राजधानी में योजना अंतर्गत 9 प्रोजेक्ट के तहत बने हैं 6 हजार आवास

# एचएफए आवासों के मेंटेनेंस के लिए एजेंसियों का कांट्रेक्ट खत्म, निगम की समिति वसूलेगी शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजधानी में 9 आवासीय प्रोजेक्ट के तहत तैयार हुए भवनों में रहने वाले परिवारों से मेंटेनेंस शुल्क की वसूली अब निगम में पंजीकृत समिति करेगी। पहले यह काम मेन पॉवर एजेंसी को दिया गया था, जिसका कांट्रेक्ट खत्म हो गया है। इसे लेकर बीते कई दिनों से हिनोतिया आलम, कोकता, भानपुर जैसी मल्टी में रहने वाले लोग खासे परेशान था। आए दिन बिजली कटने, पानी सप्लाई बंद करने और साफ-सफाई न होने जैसी समस्याओं से स्थानीय रहवासी परेशान थे।

अब निगम ने स्थानीय स्तर पर समिति का गठन कर मेंटेनेंस शुल्क की वसूली का काम देना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोकता, भानपुर, हिनोतिया आलम, मालीपुरा, राहुल नगर, बाग मुगालिया, 12 नंबर बस स्टॉप, गंगा नगर, भौरी में बहुमंजिला इमारतों में 6 हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं। इन भवनों में पानी, बिजली, सफाई, सुरक्षा, लिफ्ट संचालन जैसी व्यवस्थाओं के संचालन के लिए नगर निगम ने एजेंसियों को कांट्रेक्ट के तहत जिम्मेदारी दी थी, लेकिन यह एजेंसियां भी लोगों से प्रति माह 700 रुपए शुल्क नहीं वसूल पा रही थीं, जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति बन रही थी। ऐसे में यह काम अब स्थानीय स्तर पर ही समिति बनाकर शुल्क वसूलने का काम निगम ने करना शुरू कर दिया है।




#### कोकता में बिना पंजीकृत समिति पर शुल्क वसूली के भी आरोप

इधर कोकता में बिना नगर निगम में पंजीकृत समिति द्वारा मेंटेनेंस शुल्क वसूली का मामला भी प्रकाश में आया है। स्थानीय रहवासी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि गोकुलधाम नाम समिति की जो रसीद दी जा रही है उस पर पंजीयन नंबर नहीं है और जिस बार कोड के माध्यम से शुल्क वसूला जा रहा है वो निजी है। जबकि समिति के नाम पर ही लेनदेन होना चाहिए। मामा ईडब्ल्यूएस नॉन स्लम एरिया का है जिसके दस ब्लॉक हैं और एक ब्लॉक में 480 फलैट हैं। निगम का तर्क- एक अप्रैल से मेंटेनेंस शुल्क वसूली समिति करेगी नगर निगम में एचएफए के प्रभारी नगर यंत्री आरके गोयल का कहना है कि मेन पॉवर एजेंसी का कांट्रेक्ट खत्म हो गया है। समितियां बनाकर मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के लिए पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अब मेंटेनेंस का जिम्मा समितियों का ही रहेगा। अवैध वसूली की कोई बात नहीं है।

#### लीज रेंट नवीनीकरण में गड़बड़ी, भूखंड की जगह दुकानों के हिसाब से वसूला जा रहा शुल्क

नगर निगम भोपाल में लीज रेंट नवीनीकरण की प्रक्रिया में गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। कई मामलों में भूखंडों के नवीनीकरण के दौरान वास्तविक श्रेणी के बजाय दुकानों की दर से भू-भाटक और प्रीमियम निर्धारित कर दिया गया है। इससे लीजधारकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ गया है और वे निगम के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार निगम में लीज रेंट नवीनीकरण के लिए आने वाली फाइलों में संपत्ति की श्रेणी का सही परीक्षण नहीं किया जा रहा है। कई प्रकरणों में भूखंड के रूप में दर्ज संपत्ति पर व्यावसायिक दुकान की श्रेणी के अनुसार भू-भाटक लगा दिया गया। इसके कारण नवीनीकरण शुल्क सामान्य से कई गुना अधिक हो गया। प्रभावित लीजधारकों का कहना है कि निगम द्वारा तय की गई राशि वास्तविक देयता से काफी ज्यादा है। उनका आरोप है कि पुराने रिकॉर्ड और संपत्ति की श्रेणी का सही मिलान किए बिना ही गणना कर दी गई, जिसके कारण प्रीमियम और भू-भाटक दोनों अधिक निर्धारित हो गए। कई लोगों ने इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराते हुए फाइलों की दोबारा जांच कराने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार राजस्व शाखा में गणना के दौरान तकनीकी त्रुटियां और वर्गीकरण में लापरवाही सामने आ रही है। कुछ मामलों में भूखंड की श्रेणी को स्पष्ट रूप से दर्ज होने के बावजूद दुकानों की दर से शुल्क लगा दिया गया।

### पिपलानी पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सुरक्षा गार्ड की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी पेट्रोल पंप से रत्नागिरी जाने वाली सड़क पर मेट्रो प्रोजेक्ट के पास गुरुवार देर रात ट्रक ने बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सिक्योरिटी गार्ड को शरीर में अंदरुनी चोट आई थी। उसे आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह गार्ड की मौत हो गई। टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान पुलिस ने कर ली है।

पुलिस के अनुसार रामगोपाल (60) कोकता थाना बिलखिरिया क्षेत्र में रहते थे और इंद्रपुरी स्थित बीमा अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार रात वह ड्यूटी से घर जाने के लिए निकले थे। पिपलानी पेट्रोल पंप से रत्नागिरी तिराहे की तरफ जाते समय रात करीब 11 बजे उनकी बाइक को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामगोपाल बाइक सहित सड़क पर गिर गए थे।

उन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गई। जिस जगह हादसा हुआ है उस जगह मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। सड़क सकरी होने और ओवरटेक करने के चलते हादसा हुआ है।

## कार और बाइक भिड़ंत के बाद घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


गांधी नगर थाना क्षेत्र शांति नगर ब्रिज के पास सर्विस रोड पर अज्ञात कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल टक्कर मारने वाले कार चालक का पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार विजय नाथ (25) खजूरी सड़क इलाके में रहता था और प्रायवेट काम करता था। करीब पांच दिन पहले वह बाइक से गांधी नगर होते हुए लालघाटी की तरफ जा रहा था। उसके पीछे उसका छोटा भाई विक्रम नाथ बाइक पर चल रहा था। दोपहर करीब दो बजे विजय नाथ जैसे ही मुबारकपुर ब्रिज के पास से शांति नगर ब्रिज वाले सर्विस रोड पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने विजय की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी।

### आंधी-तूफान से बिगड़ी पानी सप्लाई व्यवस्था

## बिजली गुल होने से फिल्टर प्लांट ठप कई इलाकों में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में गुरुवार दरमियानी रात आए तेज आंधी-तूफान का असर शुक्रवार को पानी सप्लाई पर नजर आया। आधे शहर में पीने के पानी की आपूर्ति ठप हो गई, जिससे 10 लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई। लोगों ने नगर निगम के काल सेंटर में शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शहर के छह जोनों में सबसे अधिक दिक्कत रही। न्यू सुभाष नगर, करोंद, रत्नागिरी और इंद्रपुरी जैसे क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रही, जबकि कोहेफिजा इलाके में आंशिक दिक्कतें रहीं। जोन 2, 3, 4, 12, 15 और 16 सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। आंधी-तूफान के कारण कोलार, नर्मदा सहित सभी फिल्टर प्लांटों पर गुरुवार रात चार से अधिक बार बिजली गुल हुई। इससे रात को पानी की टंकियां नहीं भर सकीं और सप्लाई बाधित हो गई।



### दो दमकलों ने आग पर पाया काबू, दोपहर 2 बजे का मामला

## करोंद मंडी में कचरे के ढेर में लगी आग, धुआं ही धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की करोंद मंडी में शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे कचरे में ढेर में आग लग गई। इससे मंडी परिसर में धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कचरे में ढेर में आए दिन आग लगने की घटना होती है। इस तरह की घटना की रोकथाम के उपाय होना चाहिए। नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि कचरे के ढेर में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर तत्काल दो दमकलें भेजी गईं।



### दुबे को सह-मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर उत्साह

**भोपाल।** भाजपा में संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी पवन दुबे के नाम की घोषणा के बाद उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नियुक्ति की घोषणा होते ही विभिन्न नेताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पवन दुबे ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह तथा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।




### संचालनालय ने सीधी भर्ती का आदेश किया स्थगित

## चिकित्सा शिक्षकों की हड़ताल खत्म, 21 से फिर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में चिकित्सा शिक्षकों ने अब सोमवार से होने वाली अपनी हड़ताल को टाल दिया है। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन का कहना है कि लगातार दो दिन के प्रदर्शन से संचालनालय चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) ने आदेश जारी कर मेडिकल कॉलेज में उच्च पदों पर सीधी भर्ती और पदोन्नति की प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। इसके बाद फिलहाल हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया ने बताया कि उच्च पदों पर पदोन्नति किए जाने के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सीधी भर्ती के कानूनी रूप से गलत होने के कारण विरोध किया गया था। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. अविनाश ठाकुर ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय लिया है कि चिकित्सा शिक्षकों की लंबित 12 सूत्रीय मांगो का निराकरण नहीं करने पर 21 अप्रैल से अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए विवश होंगे।

### मंत्री ने विधायक भारती की विस सदस्यता खत्म होने पर दी प्रतिक्रिया

## जीतू, पीसी ने किया भ्रष्टाचारी को बचाने का प्रयास: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म होने पर कांग्रेस के आरोपों पर मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा असंवैधानिक तरीके से रात में विधानसभा परिसर में पहुंचे और एक भ्रष्टाचारी को बचाने का प्रयास किया। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा डालने की भी कोशिश की। सारंग ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता कर कहा कि विधानसभा सचिवालय द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह न्यायसंगत और विधिसंगत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब हर संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध करने की आदी हो चुकी है। एक ओर कांग्रेस नेता संविधान की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजेंद्र भारती ने अपनी माताजी के खाते के माध्यम से करोड़ों रुपए की हेराफेरी की और अदालत को भ्रमित करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई दिल्ली की अदालत में हुई, जहां सबूतों के आधार पर भारती को दोषी ठहराया गया और उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया



#### दिग्विजय सिंह के कार्यकार्य का मामला

सारंग ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व विधायक पीसी शर्मा विधानसभा के सदस्य नहीं होने के बावजूद असंवैधानिक तरीके से विधानसभा परिसर में पहुंचे और एक भ्रष्टाचारी को बचाने की कोशिश की, जो गैरकानूनी है। राजेंद्र भारती का मामला गंभीर भ्रष्टाचार से जुड़ा है। यह प्रकरण उस समय का है जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे। वहीं, कांग्रेस सरकार के समय पवई से भाजपा विधायक प्रह्लाद लोधी की सदस्यता भी इसी नियम के तहत समाप्त की गई थी।




### 3099 मदिरा दुकानों के लिए 16637.85 करोड़ मिले

## निगम बनाकर शराब दुकानों को चलाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मदिरा दुकान निष्पादन के 12वें चरण में आरक्षित मूल्य से अधिकतम 30% नीचे की सीमा तक ऑफर ई-टेंडर के माध्यम से प्राप्त किए गए।

193 दुकान के लिए 1216.34 करोड़ रुपए के ऑफर 30% की सीमा में प्राप्त हुए हैं। अभी तक 3099 मदिरा दुकान के लिए 16637.85 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो गया है, जो विगत वार्षिक मूल्य 12404.73 करोड़ से 34.13% और आरक्षित मूल्य 16434.94 करोड़ से 1.23% अधिक है। 454 दुकान निष्पादन से शेष हैं। उक्त दुकान के लिए प्राप्त ऑफर आरक्षित मूल्य से 30% से नीचे होने के कारण होल्ड पर रखे गए हैं।

#### कांट्रैक्टर की संख्या 489 से बढ़कर 860 हुई




समिति को अवगत कराया गया कि विगत वर्ष की तुलना में शराब दुकान के कांट्रैक्टर की संख्या 489 से बढ़कर 860 हो गई है। इस प्रकार नवीन आबकारी नीति से मोनोपॉली पर नियंत्रण स्थापित हुआ है। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आरक्षित मूल्य से 30% से नीचे के ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएं और 13वें चरण में पुनः ऑफसेट प्राइज आरक्षित मूल्य से अधिकतम 30% नीचे तक ही रखी जाए। 13वें चरण में मदिरा दुकान/समूह का निष्पादन केवल ई-टेंडर के माध्यम से हो। इस चरण में भी ऑक्शन नहीं किया जाए।

#### विभागीय स्तर पर चलाने के लिए विचार

मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा सुझाव दिया गया कि 30% से नीचे के ऑफर वाली दुकानों को, एक निगम गठित कर, विभागीय स्तर पर चलाने के लिए विचार करना चाहिए। उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक परीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया।

## आज से अग्रवाल वैश्य समाज के युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा, इंदौर एंव इन्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन द्वारा 15वां दो दिवसीय अग्रवाल वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन उच्च शिक्षित एवं उच्च आय वर्ग के डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, एमबीए, आर्किटेक्ट तथा देश-विदेश में कार्यरत प्रत्याशियों के लिए 4 एवं 5 अप्रैल को मीरा गार्डन, एबी रोड इंदौर में आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूनम गर्ग एवं सम्मेलन के प्रमुख संरक्षक गोविन्द गोयल, संरक्षक विष्णु बिंदल, जगदीश गोयल 'बाबा श्री' के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हो रहा है।

सभा के समन्वयक केपी अग्रवाल, शहर अध्यक्ष पदम जैन, विष्णु अग्रवाल, हरिश्चन्द्र सिंहल, अजय अग्रवाल एवं नरेश अग्रवाल के पास अब तक 750 से अधिक उच्च शिक्षित एवं उच्च आय वर्ग के युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं, जो निरंतर बढ़ रही हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा परिचय पुस्तिका मंथन का विमोचन भी किया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन में अभिभावक बच्चों के साथ उनके जीवन-साथी के चयन के लिए बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930